हरियाणा सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव



"हरियाणा आज देश के उन अग्रणी राज्यों में है, जहां घर-घर पाइप से पानी की सुविधा से जुड़ चुका है। इसी तरह, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ में भी हरियाणा के लोगों ने बेहतरीन काम किया है। फिटनेस और खेल ये विषय तो हरियाणा की रगों में हैं, हरियाणा की मिट्टी में है, यहां के संस्कारों में है और तभी तो यहां के युवा खेल के मैदान में तिरंगे की शान बढ़ा रहे हैं।"

**– नरेन्द्र मोदी**

"हमने 9 वर्ष पूर्व अंत्योदय की भावना से जो संकल्प किये, आज उनके सफल परिणाम देखने को मिल रहे हैं। 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' और सुशासन के मूल-मंत्र को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के समान विकास को प्राथमिकता दी है और इन्हीं मूल-मंत्रों के आधार पर हम प्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिए सदैव कटिबद्ध हैं।"

**– मनोहर लाल**

# 9 वर्षों की यही पहचान
# विकसित हरियाणा, जन – जन का सम्मान

## संकल्प से परिणाम – 9 बड़े काम



**अंत्योदय का संकल्प**
**पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना -**
27 लाख परिवारों को
5 किलो प्रति व्यक्ति प्रति माह मुफ्त अनाज
**बी.पी.एल.** की वार्षिक आय सीमा - ₹1.80 लाख
सामाजिक सुरक्षा पेंशन ₹2,750 मासिक

**परिवार पहचान-पत्र**
घर बैठे 45 लाख परिवारों ने उठाया
397 योजनाओं व सेवाओं का लाभ

**पीएम जन-आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत/चिरायु)**
30 लाख परिवारों को
₹5 लाख तक का सालाना **मुफ्त इलाज**

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ**
जन्म के समय लिंगानुपात 871 (वर्ष 2014)
और अब सुधर कर **932** (सितम्बर, 2023)

**जल जीवन मिशन**
हर ग्रामीण घर (30.41 लाख) में पहुंचाया **नल से जल**

**सौभाग्य / म्हारा गांव, जगमग गांव**
5792 (86%) गांवों में **24x7 बिजली,**
18,99,587 नये घरेलू बिजली कनेक्शन

**पीएम किसान योजना**
19.5 लाख किसानों के खातों में ₹4,645 करोड़ का अनुदान

**मेरी फसल, मेरा ब्यौरा**
12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के
₹85 हजार करोड़ सीधे स्थानांतरित

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना**
गांवों में लाल डोरा के भीतर
25 लाख परिवारों को मालिकाना हक

**E-learning को बढ़ावा**
सरकारी स्कूलों के बच्चों को 5.50 लाख टेबलेट्स वितरित

राज्य का हर जिला **नेशनल हाइवे** से जुड़ा,
हिसार व अंबाला में दो नये **नागरिक हवाई अड्डे**

# सुशासन ही आधार, डबल इंजन हरियाणा सरकार

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


एक कार्यक्रम में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत को सम्मानित करती महिला।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 286 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# कैबिनेटः किसानों को केंद्र का तोहफा

= रबी सीजन के लिए दी जाने वाली सब्सिडी में 22 हजार करोड़ रुपये का इजाफा, 22 हजार करोड़ का होगा अतिरिक्त व्यय

**सौगात**

**8 रबी सीजन के लिए दी जाने वाली सब्सिडी में 22 हजार करोड़ रुपये का इजाफा करने का फैसला**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्र** सरकार ने दुनियाभर में उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर रबी सीजन के लिए दी जाने वाली सब्सिडी में 22 हजार करोड़ रुपये का इजाफा करने का फैसला किया है। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का कहना है कि सरकार का इसके पीछे केवल एक ही उद्देश्य है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी कीमतों का बोझ किसानों पर न पड़े। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रबी सीजन 2023-24 (01 अक्टूबर से अगले साल 31 मार्च तक) के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दी। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार नाइट्रोजन पर 47.2 रुपये, फास्फोरस पर 20.82 रुपये, पोटेशियम पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये सब्सिडी देगी। इससे 22,303 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय होगा।
ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें ज्यादा हैं। इसे देखते हुए सरकार लगातार उर्वरकों पर सब्सिडी दे रही है। 2013-14 के बाद से अब सब्सिडी चार गुना बढ़ गई है। इसका उद्देश्य केवल किसानों का हित है।

### कैबिनेट : जमरानी बांध परियोजना को केन्द्र की सहायता, उप्र-उत्तराखंड के किसानों को मिलेगा लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्रीय** मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के तहत उत्तराखंड की जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को शामिल करने की मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने बुधवार को इसे मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च, 2028 तक 2,584.10 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली परियोजना को पूरा करने के लिए उत्तराखंड को 1,557.18 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना में उत्तराखंड के नैनीताल जिले में राम गंगा नदी की सहायक गोला नदी पर जमरानी गांव के पास एक बांध के निर्माण की परिकल्पना की गई है। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि इससे हल्दवानी के लोगों को पीने का पानी, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के किसानों को सिंचाई के लिए पानी और 14 मेगावाट बिजली मिलेगी।

## पुलवामा अटैक हमारी खामियों से हुआः मलिक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वरिष्ठ कां**ग्रेसी नेता और केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी का जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के साथ बातचीत का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो के बारे में जानकारी खुद राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट के माध्यम से दी है। करीब आधे घंटे इस वीडियो में राहुल गांधी और सत्यपाल मलिक कई मुद्दों पर बातचीत करते नजर आ रहे हैं।
**खामियों के चलते हुआ हमलाः** दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में प्रमुख तौर से पुलवामा अटैक, जम्मू-कश्मीर की स्थिति और अदानी के मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही राहुल गांधी, सत्यपाल मलिक से उनके पुराने दिनों को लेकर भी बात करते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी के आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट पर अपलोड किए गए बातचीत के वीडियो में मलिक ने 2019 पुलवामा हमले के लिए सरकार की खामियों को जिम्मेदार ठहराया।
**नहीं हुई कोई जांचः** इस इंटरव्यू में भी उन्होंने यह बात भी दोहराई है कि 'दो चैनलों को उन्होंने बताया कि यह हमला हमारी गलती से हुआ, लेकिन मुझसे कहा गया कि इसे कहीं भी न कहें। मुझे लगा कि मेरे बयानों से जांच पर असर पड़ सकता है, लेकिन कोई जांच नहीं हुई। इसका इस्तेमाल चुनाव के उद्देश्य से किया गया। हमले के बाद तीसरे दिन पीएम मोदी ने भाषण दिया, जिसमें उन्होंने इसका राजनीतिक इस्तेमाल किया।'

### सरकार वादा निभाने में विफलः मलिक

**अदाणी** के मुद्दे पर बोलते हुए सत्यपाल मलिक ने कहा कि सरकार एमएसपी पर अपना वादा निभाने में विफल रही क्योंकि अदाणी ने बड़े-बड़े गोदाम बनाए हैं। औने-पौने दाम पर फसलें खरीदीं, अगले साल उनकी कीमतें बढ़ेंगी और वह उन्हें बेचेंगे। अगर एमएसपी लागू होता है, तो किसान अपने उत्पाद सस्ती दर पर नहीं बेचेंगे। राहुल गांधी और सत्यपाल मलिक के बीच मणिपुर की स्थिति को लेकर भी चर्चा हुई। सत्यपाल मलिक ने कहा कि सरकार का मणिपुर में कोई नियंत्रण नहीं है।

**फास्ट न्यूज**

### अब स्कूल की किताबों में इंडिया की जगह पढ़ाया जाएगा 'भारत'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद पैनल ने स्कूल के सभी पाठ्यपुस्तकों में 'इंडिया' को 'भारत' से बदलने की सिफारिश की है। समिति के अध्यक्ष सी आई इस्साक ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि एनसीईआरटी पैनल ने सभी विषयों के पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली शुरू करने की सिफारिश की है।
**'प्राचीन इतिहास' के बजाय 'शास्त्रीय इतिहास' पढ़ाया जाए' :** एनसीईआरटी पैनल ने पाठ्यपुस्तकों में 'प्राचीन इतिहास' के बजाय 'शास्त्रीय इतिहास' को भी शामिल करने की सिफारिश की है। सामाजिक विज्ञान की एक उच्च स्तरीय समिति ने इसकी सिफारिश की है, जिसके मुताबिक, सभी कक्षाओं की स्कूली पाठ्यपुस्तकों में इंडिया को 'भारत' से बदल दिया जाना चाहिए।

### नेटग्रिड और सीएमएस जैसी निगरानी प्रणालियों पर केंद्र से जवाब तलब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने निगरानी प्रणालियों को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। यह जनहित याचिका दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। इस याचिका में दावा किया गया है कि केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली (सीएमएस), नेटवर्क ट्रैफिक एनालिसिस (एनएटीआरए) और नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (नेटग्रिड) जैसे निगरानी प्रणालियों से नागरिकों की निजता के अधिकार को खतरे में डाला जा रहा है। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने 10 अक्टूबर को केंद्र को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। पीठ ने गैर सरकारी संगठन सेंटर फार पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन और साफ्टवेयर फ्रीडम ला सेंटर (एसएफएलसी) द्वारा दायर स्थानांतरण याचिका को 10 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। सीपीआइएल और एसएफएलसी द्वारा दायर जनहित याचिका दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष लंबित है।

## ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर जीएसटी का चाबुक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सरकार** ने देश में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के ऊपर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का चाबुक चलाया है। इसके तहत अबतक ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपये के कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि जीएसटी अधिकारियों ने कर चोरी के मामले में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अभी तक एक लाख करोड़ रुपये के कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। ड्रीम 11 जैसे ऑनलाइन गेमिंग और डेल्टा कॉर्प कैसीनो ऑपरेटर को करों के कथित कम भुगतान के लिए पिछले महीने जीएसटी अधिकारियों से कारण बताओ नोटिस मिला है। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि एक अक्टूबर के बाद से भारत में पंजीकृत विदेशी गेमिंग कंपनियों का कोई डाटा अभी तक उपलब्ध नहीं है।
सरकार ने जीएसटी कानून में संशोधन करते हुए एक अक्टूबर से विदेशी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए भारत में पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया है।


यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो में।

## 'देशभक्तों के संजोए सपनों को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री'

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2022 से 2047 तक देश में आजादी का अमृत काल चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना है। इस अमृतकाल में देश की आजादी के लाखों वीर बलिदानियों को याद किया जा रहा है। आजादी के बाद जो सपना देश बनाने का उन्होंने संजोया था उसी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। हर घर तिरंगा के बाद अब मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत की जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पंच प्रण की शपथ भी दिलवाई जो दृढ़ता से हम सभी के जीवन का हिस्सा बनेगी। मुख्यमंत्री ने विख्यात कवि की कविता की पंक्ति- आओ बच्चों तुम्हे दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की, इस माटी से तिलक करो ये धरती है बलिदान की- भी दोहराई।



### तेलंगाना विस चुनाव में खड़गे ने किया कांग्रेस की जीत का दावा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पक्की है। बुधवार को तेलंगाना विधानसभा के लिए हुई केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद खड़गे ने एक्स पर लिखा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता लगातार कांग्रेस पार्टी पर हमला करके अपनी घोर निराशा दिखा रहे हैं।

## 'शिक्षा सबसे प्रभावशाली परिवर्तनकारी तंत्र'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि अत्यंत आवश्यक सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए ज्ञान और शिक्षा सबसे प्रभावशाली परिवर्तनकारी तंत्र हैं। उन्होंने कहा कि जब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हो तो असमानता और समानता सुनिश्चित होती है। उपराष्ट्रपति ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा पर गंभीर प्रयास और फोकस किया गया है।



शिक्षा क्षेत्र में आईआईटी के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि आईआईटी ने भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईआईटी आज देश भर में सबसे अधिक मान्यता प्राप्त ब्रांड हैं। आईआईटी एक ऐसी भट्ठी है, जिसमें भारत और दुनिया को बदलने वाले दिमाग तैयार किए जाते हैं। भारत और दुनिया भर के प्रमुख संगठनों के नेता गर्व से आईआईटी का बैज पहनते हैं।

**परिवर्तन**

**8 आईआईटी ने भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैः उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़**

## मणिपुर में अवैध अप्रवासी स्वीकार नहींः सीएम बीरेन

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में अवैध अप्रवासियों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने मणिपुर पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि चूड़ाचांदपुर से म्यांमार के उग्रवादी संगठन चिन कुकी लिबरेशन आर्मी (सीकेएलए) के दो सदस्यों की गिरफ्तारी से राज्य की जातीय हिंसा में बाहरी समूहों की भागीदारी की बात सामने आई है। गत मई की शुरूआत में भड़की जातीय हिंसा में 180 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। सीएम बीरेन सिंह इंफाल पूर्वी जिले के एंड्रो में तीन परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं पारंपरिक और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 34 समुदायों के बीच पुराने संबंध कायम रखने के लिए आपका समर्थन चाहता हूं।

**अवैध प्रवासी**

**8 कुकी लिबरेशन आर्मी के सदस्यों की गिरफ्तारी से जातीय हिंसा में बाहरी समूहों की भागीदारी की बात सामने आई**

**मुआवजा राशि** मुख्यमंत्री ने बिलासपुर के आपदा प्रभावित 1162 परिवारों को वितरित की 8.97 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि

## 'बीबीएमबी परियोजनाओं में प्रदेश को 12 प्रतिशत रॉयल्टी दिलाने में मदद करें नड्डा'

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पुनर्वास योजना के तहत भारी बारिश एवं भूस्खलन से आई आपदा से प्रभावित जिला बिलासपुर के 1162 परिवारों को 8.97 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि वितरित की। उन्होंने जिला बिलासपुर में आपदा के दौरान जिन 94 प्रभावित परिवारों के घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें पहली किश्त के रूप में 3-3 लाख रुपये प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर सदर विकास खंड के अंतर्गत 404 परिवारों को 3.93 करोड़, घुमारवीं विकास खंड के अंतर्गत 532 आपदा प्रभावित परिवारों को 4.55 करोड़ रुपये, झंडूता विकास खंड के तहत 198 आपदा प्रभावित परिवारों को 1.21 करोड़ रुपये तथा स्वारघाट विकास खंड के अंतर्गत 28 आपदा प्रभावित परिवारों को 19.10 लाख रुपये जारी किए। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आपदा के तीन महीने के भीतर राहत राशि बांटने की शुरूआत की गई है, जो लोगों के कल्याण के प्रति राज्य सरकार की भावना को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान जब विशेष राहत पैकेज देने पर चर्चा शुरू हुई तो उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 16 हजार परिवारों को फिर से बसाने का दायित्व राज्य सरकार का है। इसी के दृष्टिगत आपदा प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने 4500 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज जारी किया है, जिसमें घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर मिलने वाले मुआवजे को एक लाख 30 हजार से बढ़ाकर सात लाख रुपए किया गया है। इसके साथ ही बिजली व पानी के कनेक्शन फ्री प्रदान किए जा रहे हैं।



**राहत**

**8 जिन 94 प्रभावित परिवारों के घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें पहली किश्त के रूप में 3-3 लाख रुपये प्रदान किए**

# संस्कृति के महाकुंभ रत्नावली के लिए कुवि तैयार: प्रो. सोमनाथ

## रत्नावली समारोह की विवरणिका का कुलपति ने किया विमोचन



टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में हरियाणवी संस्कृति के महाकुंभ रत्नावली की विवरणिका का विमोचन किया और अधिकारियों को राज्य स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव के भव्य आयोजन करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। 28 से 31 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने 14 कमेटियों का गठन कर 14 कंवीनर व 75 सदस्यों को नियुक्त किया है। चार दिनों तक 6 मंचों पर 3हजार से अधिक युवा कलाकार हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत 34 विधाओं में अपनी प्रस्तुति देंगे।

कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह की विवरणिका का विमोचन करते हुए कहा कि हरियाणवी संस्कृति को पहचान दिलाने में रत्नावली समारोह का विशेष योगदान है। विश्वभर में हरियाणवी संस्कृति की अमिट छाप छोड़ने में रत्नावली समारोह ने अहम भूमिका अदा की है। यह समारोह ऐसी कार्यशाला है जो लुप्त होती हरियाणवी संस्कृति की विधाओं को पुन: जीवित कर रहा है और इस समारोह का उद्देश्य भी यही है कि हरियाणवी संस्कृति व परम्परा को जीवित रखा जाए। उन्होंने कहा कि चार दिनों तक 34 विधाओं में युवा कलाकार 6 मंचों पर अपनी प्रस्तुति देंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने राज्य स्तरीय समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और इस बार का उत्सव बहुत भव्य होगा क्योंकि समारोह में जहां हरियाणवी संस्कृति दिखाई देगी वहीं आत्मनिर्भर भारत के दर्शन होंगे और विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं स्वयं निर्मित की

**तैयारियां**

> 8 समारोह को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने 14 कमेटियों का गठन कर 14 कंवीनर व 75 सदस्यों को नियुक्त किया है

गई वस्तुओं को प्रदर्शित करेंगे। रत्नावली समारोह हरियाणा की लोक संस्कृति का ऐसा समागम है जिसमें विशुद्ध रूप से हरियाणवी संस्कृति को केंद्रित कर हरियाणा की लोक परम्पराओं से जुड़ी विधाओं को मंच दिया गया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को रत्नावली राज्य स्तरीय सांस्कृतिक समारोह के भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी तथा रत्नावली समारोह में पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का भी आह्वान किया। राज्यस्तरीय समारोह को सफल बनाने में केयू एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस बैठक में प्रो. नीलम ढांडा, प्रो. डीएस राणा, प्रो. रामविरंजन, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. रीटा दलाल, प्रो. विवेक चावला, प्रो. अश्वनी कुश, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, वित्त अधिकारी डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, कुटा प्रधान डॉ. आनन्द कुमार, उपनिदेशक डॉ. गुरचरण सिंह, लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. सोमबीर जाखड़, डॉ. देवेन्द्र कुमार, डॉ. आरती श्योकंद, सहायक कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा, एक्सईएन राजपाल, श्रवण गुप्ता, सज्जन दहिया सहित विभिन्न कमेटियों के सदस्य मौजूद रहे।

# कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती: डीईईओ

**प्रदर्शन**

> 8 पाठशाला काकडू में अपने निरिक्षण दौरे के दौरान बच्चों से रूबरू होते हुए उन्हें दो सीखें प्रदान की



टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला सुल्तानपुर तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला काकडू में अपने निरिक्षण दौरे के दौरान बच्चों से रूबरू होते हुए उन्हें दो सीखें प्रदान की। उन्होंने कहा कि जो भी अपनी गलतियों में निरंतर सुधार करता है वही कालांतर में बड़ा और सफल व्यक्ति बनता है और यह भी कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला सुल्तानपुर में सुधीर कालड़ा तीसरी और पांचवी कक्षा में गए और बच्चों से गणित व हिंदी के प्रश्न पूछे। तीसरी कक्षा में उन्होंने घड़ी का मॉडल दिखाते हुए बच्चों से समय से संबधित काफी सवाल पूछे जिनका काफी बच्चों ने सही जवाब दिया।यही नहीं उनके कहने पर काफी बच्चों ने समय से संबंधित उनके प्रश्न का कॉपी पर घड़ी का सही चित्र बनाकर भी दिखा दिया। कक्षा में बच्चों के साथ अध्यापक के बेहतर समन्वय और बच्चों के उम्दा प्रदर्शन को देख कर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक नरेश की सराहना की। पांचवी कक्षा में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से एक श्रुतलेख लिखवाकर देखा जिसकी उन्होंने मौके पर ही जांच की और जिन बच्चों ने श्रुतलेख में जो गलतियाँ की थी उन्हें ठीक कर फिर से लिखने को कहा। दो-तीन बार के अभ्यास और प्रयास के बाद बच्चों ने बिल्कुल शुद्ध श्रुतलेख लिखकर दिखा दिया। इस पर उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए सीख दी कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती और यदि हम अपनी गलतियों को पहचानकर उनमें लगातार सुधार करने की कोशिश करते है तो हम निश्चय ही जीवन में बड़ा और सफल व्यक्ति बन सकते हैं।

तत्पश्चात सभी बच्चों ने उनके कहने पर ये दो वाक्य न केवल कंठस्थ किए बल्कि लिखकर भी दिखाए। बच्चों ने पहला वाक्य लिखा - कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती और दूसरा- जो भी अपनी गलतियों में निरंतर सुधार करता है वही जीवन में बड़ा व्यक्ति बनता है। उसके बाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजकीय प्राथमिक पाठशाला काकडू पहुंचे वहां उन्होंने बच्चों से सात और सत्रह का पहाड़ा सुना। उन्होंने बच्चों से ब्लैकबोर्ड पर भी पहाड़े लिखवा कर देखे। इस विद्यालय में दूसरी कक्षा की छात्रा सिमरन ने अपनी हिंदी की पाठ्य-पुस्तक को धारा-प्रवाह पढ़कर दिखाया लेकिन वह उ और ऊ की मात्रा के अंतर को स्पष्टता से नहीं समझ पा रही थी जिसे अधिकारी ने उसे बड़ी सरलता से एक उदाहरण से समझा दिया और सभी बच्चों को सीख दी कि यदि शब्दों को ठीक से बोलोगे तभी ठीक लिख पाओगे अर्थात शब्दों का उच्चारण ठीक होना चाहिए।

# जनहित के कार्यो को लेकर नेता संदीप गर्ग को गांव रूड़की के लोगों ने किया सम्मानित

**सम्मान**

> 8 अब लाडवा हल्के में हीं बल्कि दूर-दूर तक बात होने लगी है। क्योंकि वह जो भी कार्य कर रहे हैं वह दिल से कर रहे हैं।



टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)गांव रूड़की में बुधवार को सरपंच व ग्रामीणों ने नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग का फूल मालाओं से स्वागत किया व गांव में स्थित गुरूद्वारे में नेता संदीप गर्ग को सम्मानित किया। सरपंच कुलविन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले कई सालों से नेता संदीप गर्ग लाडवा हल्के में जनहित व समाजहित के कार्य करने में लगे हुए हैं। जिसकी अब लाडवा हल्के में हीं बल्कि दूर-दूर तक बात होने लगी है। क्योंकि वह जो भी कार्य कर रहे हैं वह दिल से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा रसोईयां चलाई गई है, मेडिकल वैन, नि:शुल्क चिकित्सक शिविर, आंखो के जांच कैम्प, एम्बुलैंस सेवा और अब हाल ही में नेता संदीप गर्ग द्वारा एक ऐसा कार्य शुरू किया गया है। जिसकी हर जगह प्रशंसा हो रही है। गर्भवती महिलाओं के संदीप गर्ग द्वारा नि:शुल्क एम्बुलैंस सेवा शुरू की है। इतना ही नहीं आदेश अस्पताल में जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं का डिलिवरी का खर्च भी संदीप गर्ग देंगे। इससे ज्यादा सराहनीय कार्य कोई नहीं हो सकता है। ऐसे व्यक्ति को हल्के की जनता को चुनना चाहिए और 2024 के चुनावों में लाडवा हल्के से जीताकर विधानसभा भेजना चाहिए। वहीं नेता संदीप गर्ग ने सभी ग्रामीणों का सम्मान को लेकर आभार व्यक्ति किया व कहा कि हल्के के जनता ही उनकी ताकत है, जब हल्के की जनता उनके साथ खड़ी दिखाई देती है तो उनकी ताकत बढ़ जाती है। तब वह और भी ज्यादा कार्य करने की सोचते हैं।

# जमीन के लिए बेटों ने पिता का किडनैप कर बुरी तरह पिटवाया

**नारनौल।** सदर थाना अंतर्गत आने वाले गांव गहली निवासी एक वृद्ध व्यक्ति ने अपने दो बेटों पर उसका अपहरण कर मारपीट करने, जबरदस्ती जमीन के कागजों पर साइन करवाने तथा जमीन उनके नाम करने का आरोप लगाया है। इस बारे में पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटनाक्रम में गांव के अन्य युवक भी शामिल थे। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव गहली निवासी बुजुर्ग छाजूराम ने बताया कि वह गांव का नंबरदार है।

# मुरलीधर डी.ए.वी के छात्रों ने दिखाएं अपने प्रतिभा के हुनर



**प्रतिभा**

> 8 इन छात्रों ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि अपने माता-पिता का सिर्फ गर्व से ऊंचा कर दिया है

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) मुरलीधर डी.ए.वी पब्लिक स्कूल के छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपना परचम लहराते हैं। जिला बाल कल्याण समिति,हरियाणा की ओर से राज्य स्तरीय बाल दिवस समारोह 12 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक पंचायत भवन, अंबाला शहर में आयोजित किया गया।जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उनमें मुरलीधर डी.ए.वी के छात्र छात्राओं ने अनेक पुरस्कार प्राप्त किये,इसका परिणाम इस प्रकार रहा। समूह नृत्य फोर्थ ग्रुप में द्वितीय ,समूह नृत्य ग्रुप तृतीय में द्वितीय स्थान, समूह गान फोर्थ ग्रुप में प्रथम स्थान, समूह गान में द्वितीय, एकल गीत फोर्थ ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता थर्ड ग्रुप में तृतीय, वन एक्ट प्ले फोर्थ ग्रुप में द्वितीय, सर्वश्रेष्ठ नायक में सांत्वना पुरस्कार, थाली पूजन और कलश सज्जा में सांत्वना पुरस्कार, एकल क्लासिकल नृत्य में परवी ने तृतीय पुरस्कार,हिंदी लेखन में यशपाल ने प्रथम, सेजल ने सांत्वना पुरस्कार, पगड़ी बांधने में मोक्षद्वीप कौर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एकल नृत्य फर्स्ट ग्रुप ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। संगीत विभाग की श्रीमती मनजीत कौर,श्री दिनेश व श्रीमती शिवानी के दिशा निर्देशन में छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त किए।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.आर.आर. सुरी व (सहायक क्षेत्रीय अधिकारी) जोन डी ने सभी विजेता छात्रों को बधाई दी व शुभ आशीष दिया।डॉ.आर.आर. सुरी ने कहा कि इन छात्रों ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि अपने माता-पिता का सिर्फ गर्व से ऊंचा कर दिया है

# सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को दिया आग से सुरक्षा का प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
पिपली रोड पर स्थित है कुरुक्षेत्र फायर एंड सेफ्टी संस्थान द्वारा आज कुरुक्षेत्र जिले की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निशुल्क आग से सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्था के एम डी कैप्टन गुरमेल सिंह ने घर में रसोई गैस सिलेंडर की आग को किस प्रकार से काबू किया जा सकता है डेमो के द्वारा समझाया गया।
महत्वपूर्ण फोन नंबर 112 के बारे में विशेष जानकारी दी गई। राजेंद्र सैनी ने बताया कि किसी भी शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राएं व अध्यापक इस संस्थान से संपर्क कर आग से सुरक्षा की जानकारी ले सकते हैं। संस्था के मैनेजर ऋषभ ने बताया कि कोई भी 12वीं कक्षा पास छात्र एक वर्षीय कोर्स करके सरकारी नौकरी व अन्य विभागों में रोजगार प्राप्त कर सकता है।

# त्रीनगर : सेठ सांवरिया परिवार ने आयोजित किया स्वास्थ जांच शिविर : जैन





**जैन ने बताया...**

> 8 जैनेंद्र कुमार जैन ने बताया कि इस कैंप के आयोजन से सैंकडो गरीब लोगों की मुफ्त में जांच करने के पश्चात उनको दवाई भी मुफ्त में वितरित की गई।







टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
**सेठ सांवरिया परिवार** के बैनर तले महाराजा अग्रसेन जयंती के मौके पर नि:शुल्क स्वास्थ्य और आंखों की जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-63 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन शंकर चौक त्रिनगर में किया गया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने इस कैंप का लाभ उठाते हुए चेकअप करवाया, तो वहीं संस्था के अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार जैन ने बताया कि इस कैंप के आयोजन से सैंकडो गरीब लोगों की मुफ्त में जांच करने के पश्चात उनको दवाई भी मुफ्त में वितरित की गई। इस अवसर सेठ सांवरिया परिवार के अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार जैन ने बताया कि इस अवसर पर परिवार के पदाधिकारी अनुज गुप्ता, पंकज गोयल, दीपक जैन, प्रजेश बंसल, सुशील जैन, आशीष गर्ग, हिमांशु गर्ग, अजय गर्ग, सोनू गुप्ता, सुरेश बंसल, मनीष गुप्ता, आशु जैन, अजय बंसल, नितिन गोयल, रोनक बंसल सहित परिवार के अन्य पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

# शकूरपुर: कामयाबी का कोई शॉटकर्ट नहीं होता: राशीद कुरेशी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ महेंद्र सिंह**
**समाज** सेवा कोई व्यापार नहीं हैं और न ही समाज सेवा करने के लिए राजनीति से जुड़ना आवश्यक होता हैं। समाजसेवा तो जब चाहो तब कर सकते हैं। इसके साथ ही जरूरी नहीं हैं किसी पद या पोस्ट पर रहकर समाज सेवा हो, समाजसेवा जज्बे की मोहताज है किसी पोस्ट की नहीं। ऐसा मानना हैं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 मे रहने वाले राशीद कुरेशी का। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि राशीद कुरेशी शकूरपुर वार्ड-62 से आम आदमी पार्टी में बतौर सोशल मीडिया के इंचार्ज तो है ही इसके साथ ही वह सालों से एक संस्था भी चला रहें हैं, जिसके माध्यम से बहुत सारे असहाय लोगों को मदद मिल चुकी हैं।

**1993 से शुरू की राजनीति:** जब कुरेशी से सवाल किया गया कि आप राजनीति में कब से हों, तो इस पर उन्होंने बताया कि मैं साल 1993 में राजनीति में आया था और कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी की सेवा की। तब मैं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की माइनोरिटी सेल में बतौर चेयरमैन के पद पर पार्टी की सेवा कर रहा था, तथा सालों तक पार्टी में नि:स्वार्थ भाव से सेवा करता रहा था। वहीं आगें उन्होंने बताया कि साल 2014 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुआ और सालों तक पार्टी में काम करने के बाद मुझे शकूरपुर से सोशल मीडिया इंचार्ज बनाया गया। वहीं कुरेशी ने आगे बताया कि आप में किसी भी कार्यकर्ता के साथ कैसा भी भेदभाव नहीं किया जाता हैं, वही हमारी पार्टी में लग्न से काम करने वाले कार्यकर्ता को उच्च स्तर का नेता भी कभी नजरअंदाज नहीं करता हैं।

**सालों से चला रहें हैं संस्था:** राशीद कुरेशी ने बताया कि आनंदवास जन-कल्याण सेवा परिषद के संस्थापक मेरे मरहुम भाई स्वर्गीय रोशन कुरेशी ने इसे काफी सालों तक चलाया, फिर उनके इंतकाल के बाद संस्था की बाग डोर मैं संभालने लगा, और धीरे-धीरे मुझे भी संस्था के माध्यम से लोगों की सहायता करने में आनंद मिलने लगा।

**हर माह लगाया जाता हैं स्वास्थ्य शिविर:** कुरेशी ने बताया कि हमारी संस्था की ओर से हर माह बड़े पैमाने पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता हैं। जिसमें दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों से डॉक्टर की टीम द्वारा चेकअप किया जाता हैं। वहीं चेकअप के बाद परामर्श भी दी जाती हैं व दवाईयां भी मुफ्त में वितरित की जाती हैं, इसके साथ आंखो का भी टेस्ट करके नज़र के चश्में भी नि:शुल्क दिए जाते हैं।

**स्लम एरिया में सालों से चलाया जा रहा हैं जनजागरूकता अभियान:** कुरेशी ने बताया कि हमारी संस्था के सभी मेंबर व पदाधिकारी समय-समय पर सालों से स्लम एरिया में जाकर जन-जागरूकता अभियान भी चला रहें हैं। जिसमें कि लोगों को खान-पान के बारे में बताया जाता हैं, तो वही डेंगू और मलेरिया कैसे फैलता हैं व इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए इसकी बड़ी ही बारिकी से जानकारी दी जाती हैं।

इसी के साथ महिलाओं से जुड़ी समस्याओं के बारे में भी बताया जाता हैं। राशिद ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा समय-समय पर ब्लांइड स्कूलों में भी राशन वितरित किया जाता हैं व अनाथ आश्रम में भी भिन्न-भिन्न प्रकार से मदद की जाती हैं।

# 'वायु प्रदुषण को लेकर गंभीर नहीं केंद्रः गोपाल

## डीपीसीसी के चेयरमैन को बर्खास्त करने की मांग, दिसंबर में डीपीसीसी के चेयरमैन अश्वनी कुमार बनाये गए

**सांसें हैं जरूरी**

8 वायु प्रदुषण को रोकने के लिए रियल टाइम सोर्सेज अपोर्शनमेंट स्टडी की जरुरत है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** सरकार का आरोप है कि केंद्र सरकार राजधानी में वायु प्रदूषण को लेकर गंभीर नहीं है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने फैसला लिया कि वायु प्रदुषण को रोकने के लिए रियल टाइम सोर्सेज अपोर्शनमेंट स्टडी की जरुरत है, इसके लिए आईआईटी कानपुर से स्टडी कराई गई, लेकिन अब डीपीसीसी ने ये स्टडी बंद करा दी गई है। दिसंबर में डीपीसीसी के चेयरमैन अश्वनी कुमार बनाये गए। पहले पर्यावरण विभाग का सचिव डीपीसीसी का चेयरमैन होता था। आप मंत्री आतिश ने बताया कि रियल टाइम सोर्सस अपोर्शनमेट स्टडी जिससे वायु प्रदूषण के स्त्रोतों को रियल टाइम में ट्रैक किया जा रहा था। स्त्रोत का पता लगने पर रियल टाइम में ही उचित कार्रवाई करने से प्रदूषण को फैलने से रोकने में मदद मिलती है। डीपीसीसी के चेयरमैन को बर्खास्त किया जाए इसके लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसलिए, पीएम 10 कम हो रहा है लेकिन पीएम 2.5 बढ़ रहा है। वाहनों से होने वाला प्रदूषण और बाहर बायोमास जलाने से होने वाला प्रदूषण इसमें प्रमुख भूमिका निभाता है। इसे ध्यान में रखते हुए, हमने तैयारियों के संबंध में दिल्ली सचिवालय में एक बैठक बुलाई है। जन जागरूकता अभियान - 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' जो 26 अक्टूबर से शुरू किया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि तुलनात्मक रूप से, इस बार दशहरा के दौरान कम संख्या में पटाखे फोड़े गए। मैं एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर में राज्यों से (पटाखों पर) प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करना चाहूंगा क्योंकि इससे अपने राज्यों में लोगों के लिए यह आसानी से उपलब्ध है। मुझे लगता है कि अगर एनसीआर राज्य भी इस पर प्रतिबंध लगाते हैं, तो इसका दिल्ली पर बेहतर प्रभाव पड़ेगा। वहीं, पराली जलाने पर आप मंत्री गोपाल राय का ने कहा कि पराली जलाई जा रही है लेकिन अभी ऐसे मामलों की संख्या कम है। लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि 30 अक्टूबर के आसपास ये मामले बढ़ेंगे। देखना होगा कि ये किस तरह के होते हैं पंजाब में उठाए गए कदमों का कितना असर हुआ है।





### दिल्ली की जहरीली हवा में मामूली सुधार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिवाली** से पहले दशहरा का त्यौहार पर लोग जमकर खुशियां मनाते हैं। हर तरफ खूब रावण जलाए जाते हैं, आतिशबाजी की जाती है। इस बीच दिल्ली-एनसीआर में रहने वालों को प्रदूषण का डर सताने लगता है। लेकिन इस दशहरा रावण जलाने और पटाखे फोड़ने के बाद भी दिल्ली की एयर क्वालिटी पर कुछ खास असर दिखाई नहीं दिया। मंगलवार के मुकाबले बुधवार सुबह दिल्ली की एयर क्वालिटी में सुधार देखने को मिला है। सफर इंडिया के मुताबिक दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 190 है, जो 'मध्यम' श्रेणी में है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 303 दर्ज किया गया था। वहीं, नोएडा में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 218 पर है, जो 'खराब' श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, गाजियाबाद के इंदिरापुर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 158 दर्ज किया गया।

# दिल्ली में मास्टर प्लान के इंतजार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति (एनईपी)-(2020) को लागू हुए तीन साल से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन दिल्ली के स्कूलों में अभी भी यह दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के मास्टर प्लान के इंतजार में लागू नहीं हो पा रही है। शिक्षा निदेशालय ने इस माह 1700 से अधिक निजी स्कूलों में नर्सरी, केजी और पहली में दाखिले के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत तीन वर्ष के बच्चे के लिए नर्सरी, चार वर्ष के लिए केजी और पांच वर्ष के लिए पहली में दाखिले की उम्र सीमा तय कर रखी है, लेकिन एनईपी में पहली में दाखिले के लिए उम्र सीमा छह वर्ष तय की गई है।

**प्री-प्राइमरी कक्षाओं में लागू करनी है तीन वर्ष की नीतिः** एनईपी के तहत पहली कक्षा से पहले प्री-प्राइमरी कक्षाओं में तीन वर्ष की नीति लागू करनी है। यानी इसके तहत एक बालवाटिका की कक्षा और जुड़नी है, लेकिन शिक्षा निदेशालय ने नर्सरी दाखिला प्रक्रिया के दिशा-निर्देश जारी कर दिए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि कब से स्कूलों में बालवाटिका की एक अतिरिक्त कक्षा शुरू होगी जबकि देश के विभिन्न राज्य एनईपी के तहत स्कूली शिक्षा में प्री-प्राइमरी कक्षाओं में तीन वर्ष की नीति को लागू करने में दिल्ली से आगे निकल चुके हैं।

# सीने में दर्द, मुंह से झाग फिर शरीर पड़ा नीला... महिला की हुई मौत

**शिकायत**

8 डिलीवरी के कुछ घंटों बाद महिला की मौत से अस्पताल पर उठ रहे सवाल, थानी में शिकायत दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रोहिणी** सेक्टर-24 स्थित निजी अस्पताल में डिलीवरी के कुछ घंटे बाद एक महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे अस्पताल में हड़कंप मचा हुआ है। घटना के बारे में बताते हुए महिला के रिश्तेदार ने कहा कि मृतका के मुंह से अचानक झाग निकलने लगे और 10 मिनट में मौत हो गई। इस पर परिवार ने चिकित्सक पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है और पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**गुरुग्राम में है महिला का ससुरालः** जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान आरती (30) के रूप में हुई है और उसका ससुराल गुरुग्राम में है। दिल्ली के शाहबाद दौलत में उसका मायका है। आरती के भाई भारत भूषण व दीपक ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे सिजेरियन डिलीवरी हुई। कुछ घंटे बाद आरती ने छाती में दर्द की शिकायत की। चिकित्सकों ने इस बात को हल्के में लिया।

**पहले हल्के में लिया फिर डॉक्टर ने बताया छाती में भर गया है पानीः** रात आठ बजे जब ज्यादा तबीयत बिगड़ी तो चिकित्सक ने बताया कि छाती में पानी भर गया है, इसलिए दूसरे अस्पताल रेफर करना होगा। इसी दौरान आरती के मुंह से झाग निकलने लगे और शरीर नीला पड़ने लगा।

# बच्चों को तकनीकी के साथ साथ अनुसंधान के लिए प्रेरित करने वाली शिक्षा देने की आवश्यकताः गडकरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

एडुकेटर्स क्लब के द्वारा शिक्षा रत्न अवार्ड समारोह का आयोजन इंडिया हैबिटेट सेंटर, दिल्ली में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी उपस्थित रहे! फरीदाबाद, पलवल, पानीपत, सोनीपत व आस पास के कई जिलों से लगभग 150 स्कूलों के प्रिंसिपल व स्कूल मालिकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भारत शिक्षा रत्न अवार्ड इन सभी स्कूल प्रिंसिपलों को शिक्षा के छेत्र में बेहतरीन योगदान देने के लिए दिया गया। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित नितिन गडकरी ने कहा कि स्कूलों में देश के भविष्य का निर्माण होता है तो सभी स्कूल मुखियाओं को स्कूलों में ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जो बच्चों को आने वाले कल के लिये तैयार करे। साथ ही उनको अच्छे संस्कार भी देने चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि हम अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो हमें अपने बच्चों को तकनीकी के साथ साथ अनुसंधान के लिए प्रेरित करने वाली शिक्षा देनी होंगी। हमारे देश में सबसे ज्यादा सड़क दुर्धटना होती है। इसलिए स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताना बहूत जरूरी है। एडुकेटर्स क्लब के प्रधान श्री रमेश डगर जी ने बताया कि एडुकेटर्स क्लब गुणवत्ता परक शिक्षा को बढाने का काम करता है। और शिक्षा के छेत्र में आ रहे बदलावो को अपनाने के लिए प्रिंसिपलो एवम टीचरों को ट्रेन करने का काम करता है।



भिडुकी गांव के एनवीएन स्कूल की प्रधानाचार्य कुसुम चौधरी भारत शिक्षा रत्न सम्मान के साथ।

# संघर्षों से भरी है पैरा एथलीट नारायण की कहानी

**नाम रोशन किया**

8 दौ सौ मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा में पैरा एथलीट नारायण ठाकुर ने कांस्य पदक जीता, बधाई देने वालों का लगा तांता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

चीन के हांगझू में चल रहे पैरा एशियाई खेलों में बुधवार को दौ सौ मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा में पैरा एथलीट नारायण ठाकुर ने कांस्य पदक जीता।

**पीएम ने भी दी बधाईः** 29.83 सेकेंड का समय लेकर उन्होंने कांस्य पदक जीता है। इसी स्पर्धा में रवि कुमार 31.28 सेकेंड के साथ पांचवें स्थान पर रहे। नारायण टी-35 वर्ग में खेलते हैं। नारायण की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर उन्हें बधाई दी है। नारायण ने इसी वर्ष पुणे में आयोजित 21वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 व 200 मीटर दौड़ में दो स्वर्ण पदक जीते थे। नारायण ने अपने इस सपने को पूरा करने के लिए शुरूआती व संघर्ष के दिनों में वेटर और डीटीसी बस क्लीनर के रूप में काम किया था।

**बेटे की जीत पर पिता ने कही ये बातः** पिता मनोज ठाकुर ने कहा कि बेटे की कामयाबी देखकर सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। नारायण अपने स्वजन के साथ समयपुर बादली में रहते हैं। वर्तमान में नारायण कोलकाता में आयकर विभाग में एमटीएस के पद पर कार्यरत हैं। नारायण ने बताया कि पैरा एशियाई खेलों के लिए वह पिछले काफी महीनों से अभ्यास कर रहे हैं। अपने खेल व लक्ष्य को लेकर हमेशा अपने गुरु से बातचीत करते रहते हैं।

# लिव-इन पार्टनर की हत्या करने वाली महिला को नहीं मिली बेल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने हत्या के मामले में आरोपित महिला को जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि गवाह भले ही शत्रुतापूर्ण लोगों ने दी हो लेकिन उन्हें सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि महिला पर सितंबर 2019 में अपने ही लिव-इन पार्टनर की हत्या का आरोप है। महिला अपने पति और तीन साल के मासूम बेटे को छोड़कर लिव-इन पार्टनर के साथ रहने लगी थी। महिला 19 सितंबर, 2019 से ही जेल में है। मामले की सुनवाई करते हुए रजनीश भटनागर ने केस के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अनिता छेत्री को जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस भटनागर ने मामले में आदेश देते वक्त पाया कि यद्यपि महिला का एक बच्चा है लेकिन उसके पति ने अपनी गवाही में बताया है कि वह बच्चे और पति को छोड़कर सुनील के साथ रही थी। यही नहीं वह किसी बच्चे के लिए उत्तरदायी नहीं है क्योंकि बच्चा उसके पति के साथ रह रहा है जिससे वह पहले ही अलग हो गई थी।

# युवाओं के लिए अच्छी खबर, दिल्ली पुलिस में बंपर भर्तियां

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस में जल्द 13013 भर्तियां निकलेंगी। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रिक्तियों की समीक्षा करने के बाद इसे लेकर आदेश दिया है। बैठक के दौरान कहा गया कि स्थायी सरकारी रिक्तियों को भरने की दिशा में तेजी से काम किया जाना चाहिए। आदेश के तहत दिल्ली पुलिस में जूनियर रैंक की 13013 रिक्तियां जुलाई, 2024 तक भरी जाएंगी। इनमें से 3521 पदों पर इस साल दिसंबर तक भर्तियां होंगी। इन भर्तियों को लेकर विज्ञापन दिया गया है। साथ ही लिखित परीक्षा, पीई और एमटी, टाइपिंग परीक्षण आयोजित किए गए हैं। ये पद दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच चरणबद्ध तरीके से भरे जाने हैं।

**तकनीकी पदों पर होगी भर्तियांः** 418 तकनीकी पद फोटोग्राफर, ड्राफ्ट्समैन, स्टोर क्लर्क, फिटर, मास्ट लास्कर, एमटी हेल्पर, एमटी स्टोरमैन, सांख्यिकीविद, सहायक, रेडियो तकनीशियन और वर्कशॉप हैंड्स सहित अन्य की भर्तियां होंगी। इनके लिए ट्रेड कौशल परीक्षा आयोजित करने के लिए आवश्यक विभिन्न रैंकों को भी भरा जा रहा है। इसके अलावा 840 मल्टी टास्किंग स्टाफ की भी नियुक्ति की जा रही है। एसएससी द्वारा की जा रही भर्तियों में से 11,214 भर्तियां भरने के विभिन्न चरण हैं। वहीं 1799 रिक्तियों पर भर्ती के लिए जल्द ही विज्ञापन दिया जाएगा।




**इन पदों पर होगी भर्तियां**

हेड कांस्टेबल : 559 पुरुष + 276 महिलाएं = कुल 835

कांस्टेबल ड्राइवर : 1411 पुरुष

हेड कांस्टेबल (एडब्ल्यूओ/टीपीओ) : 573 पुरुष + 284 महिला = कुल 857

**यह रहेगी भर्ति प्रक्रिया**

खाली पदों पर भर्ती के लिए आवेदकों को लिखित परीक्षा, पीई और एमटी के साथ ही टाइपिंग परीक्षण भी देने होंगे। इस साल दिसंबर से जुलाई 2024 तक सभी पदों पर भर्ती होंगी। इसमें दिसंबर तक तकरीबन 3521 पदों पर भर्ती की जाएंगी। बचे पदों पर क्रमश जैसे-जैसे भर्ती होनी है, उसका शेड्यूल जारी किया जाएगा।

**पिछले कुछ वर्षों की यह सबसे बड़ी भर्ती प्रक्रियाः** दिल्ली पुलिस में इस बार जितने बड़े पैमाने पर भर्तियां होने जा रही हैं, संभवत पिछले कुछ वर्षों की यह सबसे बड़ी भर्ती है। इससे पहले बड़े पैमाने पर कॉमनवेलथ गेम्स के दौरान भर्तियां हुई थीं।

**नौकरियां...**

8 उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रिक्तियों की समीक्षा करने के बाद इसे लेकर आदेश दिया है

# पत्नी के प्रेम संबंध का था संदेह, पति ने गला दबाकर मार डाला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश की** राजधानी दिल्ली में महिला की हत्या से सनसनी फैल गई। महिला की गला दबाकर हत्या की गई। हत्या का आरोप उसके पति पर लगा है। महिला के चार बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जामकारी के अनुसार, देर रात पुलिस को चांद बाग इलाके से सूचना मिली कि महिला बेहोशी की हालत में पड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला की पहचान शबनम (35) पत्नी उम्मेद निवासी चांद बाग के रूप में हुई है। उम्मेद और शबनम किराए पर रहते हैं। उनकी शादी को सात साल हो गए थे। उम्मेद बढ़ई का काम करता है। देर रात दंपति का आपस में विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी उम्मेद ने पत्नी का गला घोंट दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।



**हत्या**

8 हत्या का आरोप उसके पति पर लगा है। महिला के चार बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है

# आपके फेफड़ों को जाम कर रहा गाड़ियों से निकलने वाला काला धुआं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आपके** फेफड़े कितने काले पड़ चुके हैं, आपने गौर किया है? नहीं न, जिस दिन जांच करा लेंगे। आपको अपनी सेहत और कितना प्रदूषण बिन बताए, बगैर दिखे आपके भीतर जा रहा है उसका एहसास हो जाएगा। एनसीआर में वायु प्रदूषण के बड़े कारकों में से वाहनों का ईंधन और उसके जलने से निकलने वाली जहरीली गैसे हैं। सड़कों पर वाहनों का अधिक दबाव और चौड़ी सड़कों का किसी स्थान पर अचानक पतला हो जाना यानी बाटलनेक बन जाना यहां यातायात जाम की प्रमुख वजह हैं।

**ट्रैफिक पुलिस कई बार कर चुकी है समस्या की पहचानः** जाम में फंसने पर वाहनों का ईंधन अधिक जलता है, जिससे वाहनों से निकलने वाली गैसें वायु प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक बढ़ा देती हैं। दिल्ली में ही कई बार यातायात पुलिस ऐसे बाटलनेक की पहचान कर चुकी है और दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को ये बाटलनेक दूर करने को लिख चुकी है, लेकिन निराशाजनक यह है कि इस दिशा में अब तक कोई प्रभावी कार्य नहीं हो सका।

**वाहनों के 'दबाव' में सड़केंः** राजधानी की सड़कें जवाब दे रही हैं, वाहनों का दबाव उनसे झेला नहीं जा रहा है। कुछ सड़कें भ्रष्टाचारियों की लापरवाही से आए दिन जर्जर रहती हैं तो कुछ मार्गों पर वाहनों का दबाव इतना अधिक होता है कि सड़कें कुछ दिन बनने के बाद ही जवाब दे देती हैं।

**सड़कों पर जाम से बिगड़ रहे हालातः** राजधानी में सड़कों पर जाम के हालात सुधरने की जगह और बिगड़ रहे हैं। जाम लगने और बोटलनेक की स्थिति बनने वाले स्थानों की सूची लंबी होती जा रही है।

और वाहनों के कारण सड़कों पर लगने वाला जाम, उनसे निकलता धुआं वायुमंडल में दूषित जहरीली गैसों की मात्रा को बहुत अधिक बढ़ा चुका है।

**19,040 किमी है राजधानी में सड़कों की लंबाई**

**15582 किमी नगर निगम के तहत**

**1400 किमी लोक निर्माण विभाग का जिम्मा**

फ्लाईओवर, अंडरपास बनाए गए हैं और भी बनाए जा रहे हैं, सड़कें चौड़ी की गईं। धीमी रफ्तार वाले स्थानों पर यातायात कर्मी तैनात किए गए। बिना वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र(पीयूसीसी) के चलने वाले वाहनों के खिलाफ हो रही कार्रवाई।

पीयूसीसी के बिना चलने वाले वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और 115 केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 की धारा 190 (2) के तहत मामला दर्ज किया जाता है और 10,000 रुपये का जुर्माना है, जिसमें पहले अपराध के दौरान तीन महीने के लिए वाहन चालक के लाइसेंस का निलंबन भी शामिल है।




### वाहनों का रेला

8 1 करोड़ 24 लाख है पंजीकृत वाहनों की संख्या

8 54 लाख वाहनों का पंजीकरण पिछले साल निरस्त किया गया

8 70 लाख हैं वाहन जिन्हें सड़कों पर चलने की अनुमति

8 48 लाख दो पहिया : 68.7%

8 20 लाख चार पहिया : 31.3%

8 4 लाख वाहन प्रति माह हो रहे पंजीकृत

# एएसआई के प्रमुख स्मारकों में खुलेंगी कैंटीन

**सुविधाएं**

8 वैसे इससे पहले एएसआई के लिए यह कभी भी मुद्दा नहीं रहा है कि पर्यटकों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) अपने प्रमुख स्मारकों में कैंटीन खोलेगा। इसका उद्देश्य स्मारकों में आने वाले पर्यटकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है। वैसे इससे पहले एएसआई के लिए यह कभी भी मुद्दा नहीं रहा है कि पर्यटकों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। एएसआई इसकी जगह स्मारकों के संरक्षण पर ध्यान देता रहा है। मगर पिछले कुछ साल में बदलाव देखा जा रहा है। अब स्मारकों में पर्यटकों की सुविधाओं पर भी बात होने लगी है। इसी कड़ी में अब इस बात का अध्ययन करा रहा है कि किस किस प्रमुख स्मारक में कैटीन खोली जा सकती है। लालकिला में इसी कड़ी में कैंटीन खोली जा रही है। इसे नवंबर में शुरू कर दिया जाएगा। लालकिला ऐसा स्मारक है जिसमें पिछले साल डालमिया के माध्यम से एक कैफे खोला गया है। मगर यह इतना महंगा है कि आम लोग यहां खरीदारी नहीं कर सकते है।

**यहां मिलेंगे खाने के सभी आइटमः** स्मारकों में पहुंचने वाले कुल पर्यटकों में 25 से 30 प्रतिशत ही यहां खाने की चीजें ले पाते हैं। बड़ी संख्या में लोग रेट पूछ कर ही लौट जाते हैं। एएसआई स्मारकों में जिस कैंटीन खोलने की योजना ला रहा है इसमें मध्यम वर्ग का ध्यान रखा गया है। इसी के तहत रेट रखे जाएंगे। यहां खाने के सभी आइटम मिल सकेंगे। यहां पर बच्चों की पसंद से लेकर बड़ों की पसंद के खाने-पीने के आइटम उपलब्ध होंगे। पर्यटकों के लिहाज से यह बड़ी सुविधा मानी जा रही है।



## संपादकीय

# नवाज' क्यों बन रहे भारत के लिए 'शरीफ'

**नवाज** शरीफ वतन लौटकर भारत के लिए शराफत दिखा रहे हैं। कराची की रैली में उन्होंने अच्छे रिश्ते गढ़ने की वकालत की है। ये उनका हृदय परिवर्तन है या इसमें भी कोई खुराफात छुपी है। सवाल ये भी है कि आखिर नवाज भारत के लिए शरीफ क्यों बन रहे हैं। हालांकि, उनकी टिप्पणी पर अभी हमारी हुकूमत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। देने की जरूरत भी नहीं, जल्दबाजी करने की अभी आवश्यकता नहीं। पाकिस्तान राजनीतिक रूप से अपाहिज पड़ा हुआ है। दलदल की ऐसी गहरी खाई में समाया है जहां से निकालकर दोबारा अपने पैरों पर खड़ा करने की कुव्वत फिलहाल पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ में कतई नहीं है? तभी उन्होंने फौज और निर्वासित जीवन जीने वाले अपने बड़े भाई पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के मध्य एक गुप्त समझौता करवाया। गुप्त समझौते पर जैसे ही मुहर लगी नवाज की वतन वापसी का रास्ता साफ हुआ। वह करीब सवा चार वर्ष का राजनीतिक वनवास काटकर वतन लौटे हैं। ये पहली मर्तबा हुआ है, जब पाकिस्तान ने अपने किसी नेता का निर्वासित जीवन इतनी आसानी से पचाया हो। हो सकता है शायद पाकिस्तान को भी नवाज शरीफ की जरूरत हो।
नवाज का वनवास अभी और लंबा खिंचता, अगर उनका फौज के साथ अंदरुनी गठबंधन न हुआ होता? वरना, उनके साथ भी वही होता, जो पूर्व प्रधानमंत्रियों के साथ पूर्व में हुआ था। यह सौ आने सच है कि पाकिस्तान की सियासत कभी भी फौज के दबदबे से आजाद नहीं हो पाएगी। पिछले चुनाव में नवाज की पार्टी को हराकर पूर्व क्रिकेटर इमरान खान ने अपनी सरकार बनाई थी। इमरान जैसे-जैसे फौज के खिलाफ मुखर हुए, उनकी सत्ता से विदाई की जमीन भी तैयार होती गई। इस कड़वी सच्चाई से नवाज विदेश में बैठे-बैठे और वाकिफ हो गए। तभी, उन्होंने बिना शर्त फौज के आगे घुटने टेक दिए। परवेज मुशर्रफ भी जीते जी निर्वासित जीवन में ही मर गए। अंतिम सांस भी उनको अपने वतन में नसीब नहीं हुई। कमोबेश, कुछ ऐसा ही नवाज शरीफ के साथ भी होता। लेकिन, वह सियासत के बड़े चतुर और माहिर खिलाड़ी हैं। बदली सियासी हवा की नब्ज हो जानते-समझते हैं। वतन से बाहर रहते हुए भी उनके दिमाग में राजनीतिक कीड़ा हर पल चलता रहा और अपनी स्वदेश वापसी की रणनीति पाकिस्तान के बाहर रहते हमेशा बनाते रहे। सर्वविदित है कि पाकिस्तान में बगैर फौज के कोई भी नेता राजनीति नहीं कर सकता। सियासत में फौज के बिना वहां पत्ता तक नहीं हिलता। नवाज शरीफ अपने सियासी और उम्र के अंतिम पड़ाव में पहुंच चुके हैं। इसलिए उन्होंने बहुत सोच समझकर फैसला लिया। इसे समझदारी कहें, या घुटने टेकना? फिलहाल राजनीति और राजनेताओं को इससे फर्क नहीं पड़ता, विशेषकर पाकिस्तानियों को, क्योंकि वह छंटे हुए ढीठ और बेशर्म किस्म के होते हैं। बहरहाल, फौज संग गुप्त समझौते के बाद वतन लौटे नवाज शरीफ के समझ चुनौतियां कम नहीं होंगी, भरमार रहेगी। हालांकि उनके लौटने के बाद फौज के इशारों पर पाकिस्तान में लोकतंत्र बहाली की सुगबुगाहट शुरू हुई है। ये सुगबुगाहट पार्टी विशेष के लिए तो फायदेमंद हो सकती है पर, अस्थिर लोकतंत्र को लेकर ज्यादा उम्मीद लगाना अभी बेमानी होगा, क्योंकि पाकिस्तान इस वक्त अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। भुखमरी, अस्त-व्यस्त कानून व्यवस्था और बेरोजगारी चरम पर फैली हुई है।

# पैसे लेकर सवाल पूछना गंभीर मामला

राजेश माहेश्वरी

> लोकसभा सचिवालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने अपनी प्राथमिक जांच कर ली होगी कि आरोपित सांसद का लॉग इन कहां से किया गया? वह देश के भीतर या विदेश में किस शहर, किस स्थान से इस्तेमाल किया गया? संचार की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी इनका आसानी से खुलासा कर सकती है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद पर चस्पां किए गए आरोपों और उद्योगपति के साथ उनकी सांठगांठ, भ्रष्ट मिलीभगत की पुष्टि तो नहीं की जा सकती, लेकिन मामला संसद से जुड़ा है। वह सार्वजनिक होकर आचरण समिति तक पहुंच गया है। समिति ने दुबे और अधिवक्ता देहाद्राई दोनों को 26 अक्टूबर को आरोपों के मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए बुलाया है।देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक साजिश का भी मामला है और संसदीय गोपनीयता भंग करने का कथित अपराध सामने आया है

**बीजेपी** सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्राई ने आरोप लगाया है कि महुआ मोइत्रा ने सवाल करने के बदले हीरानंदानी ग्रुप के सीईओ दर्शन हीरानंदानी से पैसे लिए थे। इसको लेकर हीरानंदानी का एक एफिडेविट भी सामने आया है। इसमें वो इस बात को स्वाकीर करते हुए कह रहे हैं कि गौतम अडानी को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वो पीएण मोदी की छवि खराब करना चाहती थीं। इस मामले में महुआ मोइत्रा की परेशानी बढ़ने जा रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक निगरानी संस्था लोकपाल में शिकायत दर्ज कराई है। निशिकांत दुबे ने इससे पहले महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों की जांच के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से जांच समिति गठित करने की मांग की थी। उन्होंने यह भी मांग की थी कि मोइत्रा को तुरंत सदन से निलंबित किया जाए। ओम बिरला को लिखे अपने पत्र में दुबे ने कहा था कि हाल के दिनों में मोइत्रा ने संसद में 61 सवाल किए। इनमें से 50 अडानी ग्रुप पर फोकस थे। दुबे ने कहा, महुआ मोइत्रा ने संसद में सवाल पूछकर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के व्यावसायिक हितों को हासिल करने और उनकी रक्षा करने के लिए आपराधिक साजिश रची। यह 12 दिसंबर 2005 के कैश फॉर क्वेरी प्रकरण की याद दिलाता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के लगाए गए आरोपों के बाद से ही राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। महुआ और निशिकांत के बीच एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस पूरे प्रकरा पर टीएमसी ने कहा कि महुआ मोइत्रा मामले पर अपना रुख स्पष्ट कर चुकी हैं तो ऐसे में अब संसद की एथिक्स कमेटी की जांच का इंतजार करेगी। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमने मीडिया में आई खबरें देखी हैं. पार्टी नेतृत्व की ओर से मोइत्रा को अपने ऊपर लगे आरोपों के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की सलाह दी गई है, हालांकि, वह पहले ही ऐसा कर चुकी हैं। बीजेपी सांसद निषिकांति दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के पत्र का हवाला देते हुए दावा किया कि उनके पास अकाट्य सबूत हैं कि मोइत्रा और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के बीच रिश्वत का आदान-प्रदान हुआ था। इसके जवाब में मोइत्रा ने निशिकांत दुबे और जय अनंत देहाद्राई को कानूनी नोटिस भेजा था। मोइत्रा ने कहा कि उनपर लोकसभा के सदस्य के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए लाभ लेने के आरोप लगाए गए हैं। ये आरोप अपमानजनक, झूठे और आधारहीन हैं। इसका कोई सबूत नहीं है।



आरोपी बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी ने अपने हलफनामे में कहा कि कई मौकों पर उसकी महुआ मोइत्रा से मुलाकात हुई थी और वह टीएमसी सांसद से रोजाना से लेकर साप्ताहिक तौर पर बातचीत करता था। उसने हलफनामे में कहा, उन्होंने एक सांसद के रूप में अपनी ईमेल आईडी मेरे साथ साझा की, ताकि मैं उन्हें जानकारी भेज सकूं और वह संसद में सवाल उठा सकें. मैं उनके प्रस्ताव के साथ गया, कुछ जानकारी मेरे साथ साझा की गई, जिसके आधार पर मैंने जरूरत पड़ने पर उनके संसदीय लॉगिन का उपयोग करके प्रश्नों का मसौदा तैयार किया और पोस्ट करना जारी रखा। हीरानंदानी ने यह भी दावा किया कि टीएमसी नेता ने उनसे कई तरह की मदद मांगी. उन्होंने कहा कि कई बार मुझे लगा कि वह मेरा अनुचित फायदा उठा रही हैं और मुझ पर उन चीजों को करने के लिए दबाव डाल रही हैं, जो मैं नहीं चाहता था, लेकिन उपरोक्त कारणों से मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। इतिहास के पन्ने पलटे तो जब सोमनाथ चटर्जी लोकसभा अध्यक्ष थे, तब 11 सांसद आरोपित हुए थे कि वे नकद कबूल कर संसद में सवाल पूछते थे। प्रथमद्रष्ट्या सांसद भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए, नतीजतन स्पीकर ने उनकी सांसदी खारिज कर दी थी। उनमें भाजपा के सांसद भी थे। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी और डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। इस मामले पर संसद के भीतर और बाहर खूब हंगामा मचा था। दरअसल वह एक मीडिया ऑपरेशन था, जिसमें छिपे कैमरे से वह भ्रष्टाचार रिकॉर्ड किया गया था। मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा, लेकिन उसने स्पीकर के संवैधानिक अधिकार और निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाएं स्वीकार नहीं कीं और सांसदी बहाल नहीं हो सकी। उन सांसदों में से शायद ही कोई सांसद नया चुनाव जीत कर लोकसभा में वापसी कर पाया था! स्पीकर का वह निर्णय एक उदाहरण बन गया। ऐसा ही मामला एक बार फिर स्पीकर ओम बिरला तक पहुंचा है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के गंभीर आरोप हैं कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा सदन में अडाणी समूह पर प्रायोजित सवाल पूछती रही हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और संसद की संवेदनशीलता को दांव पर रखने वाला तथ्य यह है कि सांसद के तौर पर महुआ की ई-मेल आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल दुबई में बैठे उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी करते रहे हैं। वह ही अडाणी समूह पर सवाल बनाते रहे हैं और लोकसभा को महुआ के नाम से भेजते रहे हैं। यह गोपनीयता और संसदीय सुरक्षा का घोर उल्लंघन है, लिहाजा अपराध भी है। अब लोकसभा की आचरण समिति इन आरोपों की जांच कर रही है। सांसद निशिकांत दुबे और महुआ दोनों से ही सवाल-जवाब किए जाएंगे। इस सांठगांठ का महत्त्वपूर्ण आयाम यह है कि उद्योगपति हीरानंदानी ने सांसद महुआ को 2 करोड़ रुपए नकद भी दिए। उनकी घरेलू और विदेश यात्राओं के खर्च उठाए। सांसद के नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास की मरम्मत और उसका नवीकरण भी कराया। सरकारी आवासों में ऐसा काम सरकारी एजेंसियां ही करती रही हैं। फिर सांसद ने उद्योगपति से पैसा क्यों लगवाया? हीरानंदानी ने महुआ को बेशकीमती तोहफे भी दिए। संभव है कि दोनों औद्योगिक घरानों में व्यापार की प्रतिद्वंद्विता हो, लिहाजा सांसद के जरिए अडाणी समूह को बेनकाब किया जा रहा हो! उद्योगपति ने यह भी खुलासा किया है कि सांसद महुआ बेहद महत्त्वाकांक्षी हैं। उन्होंने अडाणी समूह को निशाना बनाया, लेकिन वह प्रधानमंत्री मोदी की छवि दागदार करना चाहती थीं। अडाणी से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज सांसद ने विपक्ष के अन्य नेताओं से भी साझा किए थे, ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ एक संगठित अभियान चलाया जा सके। हालांकि पार्टी प्रमुख एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इतना अडाणी-विरोध के पक्ष में नहीं रही हैं, लिहाजा कई बार सांसद को डांट भी चुकी हैं। अब भी इस रहस्योद्घाटन पर ममता बनर्जी बिल्कुल खामोश हैं और विपक्ष का भी कोई महत्त्वपूर्ण बयान सामने नहीं आया है। लोकसभा सचिवालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने अपनी प्राथमिक जांच कर ली होगी कि आरोपित सांसद का लॉग इन कहां से किया गया? वह देश के भीतर या विदेश में किस शहर, किस स्थान से इस्तेमाल किया गया? संचार की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी इनका आसानी से खुलासा कर सकती है। तृणमूल कांग्रेस की सांसद पर चस्पां किए गए आरोपों और उद्योगपति के साथ उनकी सांठगांठ, भ्रष्ट मिलीभगत की पुष्टि तो नहीं की जा सकती, लेकिन मामला संसद से जुड़ा है। वह सार्वजनिक होकर आचरण समिति तक पहुंच गया है। समिति ने दुबे और अधिवक्ता देहाद्राई दोनों को 26 अक्टूबर को आरोपों के मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए बुलाया है।देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपराधिक साजिश का भी मामला है और संसदीय गोपनीयता भंग करने का कथित अपराध सामने आया है, लिहाजा हम विश्लेषण कर रहे हैं। आरोपित सांसद ने सभी सांसदों के लॉग इन की जांच कराने की मांग भी की है। यह कुतर्क के अलावा कुछ भी नहीं है। हमें आचरण समिति के निर्णय की प्रतीक्षा करनी होगी।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

### आईये हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाएं

हिंदी है हमारी प्यारी भाषा,
हिंदी है एक शक्तिशाली
और विशाल ज्ञान की भाषा,
आओ बनाएं इसे राष्ट्रभाषा।

हिंदी भाषा हमारा मान और अभिमान है,
हिंदी राष्ट्र का वैभवशाली गौरव गान है।

हिंदी देश की गंगा -जमुनाई स्वाभिमान है,
हिंदी पर न्योछावर हर दिल और जान है।

हिंदी भारत के माथे की चमकती बिंदिया है।
हिंद देश में बहती पवित्र गंगा नदिया है।

हिंदी पर आओ शीश झुकाए,करें नमन,
हिंदी ही है लताएं, फूल, बगिया और चमन।

हिंदी से ही बना प्यारा हिंदुस्तान हमारा,
हिंदी ने ही किया शीश जग में ऊंचा हमारा।

हिंदी भाषा भोली और इतनी विशाल है,
हिंदी भाषा अवार्चीन और बेमिसाल है।

हिंदी हमारे असंख्य हृदयों पर करती राज,
हिंदी से ही अत्यंत सफल है, देश का काम-
काज।

संजीव

## जिन्होंने बनाया वही तोड़ने में लगे है इंडिया गठबंधन !

**अशोक भाटिया**

**लोकसभा** चुनाव के लिए सभी विपक्षी दलों को जैसे-तैसे जिस गांठ में बांधने को कोशिश की जा रही थी उस गठबंधन जोड़ने में प्रमुख थे कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे, नीतिशकुमार, अखिलेश यादव ,अरविन्द केजरीवाल , व 36 दल । उस गठबंधन की गांठ हाल फिलहाल में हो रहे मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में ही खुलती दिखाई दे रही है। अब इंडिया गठबंधन की एकता पर संदेह इसलिए हो चला है क्योंकि जिस तरह पहले समाजवादी पार्टी ने मध्य प्रदेश चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारकर कांग्रेस को तेवर दिखाए थे, उसी तरह अब नीतीश की जेडीयू ने भी मध्यप्रदेश चुनाव में अपने 5 कैंडिडेट की लिस्ट जारी कर दी है। दरअसल, जनता दल (यूनाइटेड) ने मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। जद (यू) की सहयोगी कांग्रेस मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी से सत्ता छीनने की कोशिश कर रही है। जद (यू) के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान के एक बयान के अनुसार, मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए यह पार्टी की ओर से जारी पहली सूची है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को सभी 230 सीट के लिए मतदान होगा। अब इस चुनाव में कांग्रेस की ही गठबंधन साथी जे डी यू के उम्मीदवार कांग्रेस के ही कैंडिडेट के वोट काटेंगे। गौरतलब है कि जनता दल यूनाइटेड ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर दी है। मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड के महासचिव और बिहार विधान परिषद के सदस्य आफाक अहमद खान की तरफ से जारी की गई सूची के अनुसार जनता दल यूनाइटेड मध्य प्रदेश के पिछोर, राजनगर, विजय राघवगढ़, थांदला और पेटलावद विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने वाली है। वहीं, जेडीयू की भी इस घोषणा के बाद से विपक्ष की इंडिया गठबंधन के एकजुटता पर भी सवाल उठने लगे हैं। जेडीयू ने राजनगर से रामकुंवर (रानी) रैकवार, पिछोर सीट से चंद्रपाल यादव, विजय राघवगढ़ से शिवनारायण सोनी, पेटलावद सीट से रामेश्वर सिंघार और थांदला से तोल सिंह भूरिया को टिकट दिया है। वहीं, इस जदयू के इस घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन को लेकर भी अब चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि जेडीयू इसके अलावा और भी प्रत्याशियों को मध्यप्रदेश चुनाव में उतार सकती है। अगर ऐसा हुआ तो इंडिया गठबंधन के लिए विधानसभा चुनावों का दौर काफी मुश्किल होगा। क्योंकि अखिलेश यादव पहले ही नाराजगी जता चुके हैं और उन्हें भी कांग्रेस के सामने प्रत्याशी उतारने पड़े। हालांकि दोनों का पैटर्न अलग रहा क्योंकि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने साफ कहा कि कांग्रेस ने उन्हें धोखा दिया और उन्होंने इंतजार किया लेकिन कांग्रेस ने उन सीटों पर प्रत्याशी उतारे जहां सपा या तो जीती थी या मजबूत थी।

## विचार

# कितने शरीफ हैं नवाज शरीफ

**आर.के. सिन्हा**

**पिछले** करीब चार सालों से लंदन में अपना निर्वासित जीवन बिता रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और मुस्लिम लीग-एन नेता नवाज शरीफ पाकिस्तान लौट आए हैं। वे फिर से अपने देश का प्रधानमंत्री बनने के ख्वाब लेकर ही स्वेदश लौटे हैं। पाकिस्तान में संसद के लिए नाम-निहाद चुनाव आगामी जनवरी में होने हैं। नाम निहाद इसलिए क्योंकि वहां पर चुनाव कोई भी पार्टी जीते या कोई भी प्रधानमंत्री बने, देश की शक्तियों पर असली कब्जा तो रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय में बैठे मोटी तोंद वाले जनरलों के पास ही रहता है। नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के मौजूदा हालात पर चिंता जताई है । उन्होंने कहा कि देश में हालात 2017 की तुलना में कहीं अधिक बिगड़ गए हैं। यह बात तो सही है कि पाकिस्तान में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। मंहगाई, कठमुल्लापन और बेरोजगारी ने देश को तबाह कर दिया है। वहां पर लगातार बम धमाके हो रहे हैं। नवाज शरीफ स्वयं भी एक सड़कछाप किस्म के इंसान हैं। भाग्य की खाते रहे हैं। वे युगद्दष्टा तो छोड़िए, प्रखर वक्ता तक नहीं हैं। उनसे बेहतर वक्ता तो बेनजीर भुटटो और इमरान खान थे। अगर नवाज शरीफ आगामी चुनाव के बाद प्रधनामंत्री बन भी गए तो देश की किस्मत बदलने वाली नहीं है। पाकिस्तान आज दाने-दाने को मोहताज है। नवाज शरीफ के पुरखे मूलतः कश्मीरी पंडित थे। कोई 125 साल पहले मुसलमान बन गए थे। वे कश्मीर से अमृतसर के पास जट्टी उमरा गांव में जाकर बसे थे। पाकिस्तान के बाकी नेताओं की तरह शरीफ भी घोर भारत विरोधी हैं। बस, उनके नाम के साथ शरीफ आना संयोग मात्र ही माना जाएगा। नवाज शरीफ ने तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पद संभाला है। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध (3 मई-26 जुलाई 1999) लड़ा गया था। इस जंग के दौरान एक बार ऐसा भी हुआ जब तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी ने फोन कर नवाज शरीफ की जमकर क्लास लगाई थी। उन्हें 2016 में उड़ी हमलों के बाद कायदे से अपने देश में चल रहे आंतकी शिविरों को ध्वस्त करना चाहिए था। पर बेशर्मी की हद देखिए, कि वे भारत को ही कोसते रहे। नवाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र में उड़ी की घटना के लिए कश्मीर में बुरहान की मौत के बाद पैदा हुए हालातों को जिम्मेदार घोषित कर दिया। उड़ी हमला 18 सितम्बर 2016 को जम्मू और कश्मीर के उड़ी सेक्टर में एलओसी के पास स्थित भारतीय सेना के स्थानीय मुख्यालय पर हुआ था जिसमें 16 जवान शहीद हो गए थे । यह भारतीय सेना पर किया गया, लगभग 20 सालों में सबसे बड़ा हमला था। उड़ी हमले में सीमा पार बैठे आतंकियों का हाथ था। इनकी योजना के तहत ही सेना के कैंप पर फिदायीन हमला किया गया था। हमलावरों के द्वारा निहत्थे और सोते हुए जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की ताकि ज्यादा से ज्यादा जवानों को मारा जा सके। नवाज शरीफ के कुछ मंत्री भी भारत के खिलाफ युद्धोन्माद का माहौल बनाते रहते थे। क्या जिस देश के लाहौर और कराची जैसे शहरों में रोज दस-दस घंटे बिजली न आती हो, जहाँ बेरोजगारी लगातार संक्रामक बीमारी की तरह फैल रही हो और जिधर विदेशी निवेश नाम मात्र के लिये आता हो, वह देश भारत जैसी विश्व शक्ति से लड़ने के लिए कैसे तैयार हो सकता है? नवाज शरीफ सन 2013 में पाकिस्तान के वजीरे आजम की कुर्सी पर फिर से बैठे थे। बावजूद इसके कि नवाज शरीफ और उनके अनुज शाहबाज शरीफ, जो आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बने, पर करप्शन के अनेकों केस थे। शरीफ परिवार के लिए कहा जाता है कि इनके लिए पाकिस्तान ही इनका खानदान है। इनका बड़ा औद्योगिक घराना भी है। ये जनता को झूठे सब्जबाग दिखा कर ही चुनाव जीतते रहे हैं।
पाकिस्तान लौटने पर लाहौर में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बेहद खराब स्थिति में है। पर वहां की अर्थव्यवस्था तो तब भी खराब थी जब नवाज शरीफ देश छोड़कर चले गए थे। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कौन से सघन प्रयास किए?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# खास लोगों की बनती जा रही आम जन की ट्रेन ?

**निर्मल रानी**

**नवरात्रि** के अवसर पर पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली रैपिड रेल सेवा का उद्घाटन किया। नमो भारत के नाम से चलने वाली यह रैपिड रेल सेवा अपने पहले व शुरूआती चरण में गाजियाबाद के साहिबाबाद व दुहाई डिपो के बीच संचालित होगी। रैपिड रेल सेवा के इस पहले फेज में 5 स्टेशन होंगे। इसकी गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे से 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक होगी। यह हर 15 मिनट में उपलब्ध होगी । और प्रत्येक स्टेशन पर केवल 30 सेकंड के लिए रुकेगी। इसमें मेट्रो की तरह महिलाओं के लिए अलग कोच होगा। इस हाई स्पीड ट्रेन में फिलहाल कुल 6 कोच होंगे। इस ट्रेन के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि "मुझे छोटे सपने देखने की आदत नहीं है। न ही मुझे मरते-मरते चलने की आदत है। दिल्ली-मेरठ का रैपिड ट्रेन की यह शुरूआत है। पहले फेज में दिल्ली, वढ, हरियाणा, राजस्थान के इलाके नमो भारत से कनेक्ट होंगे। देश के बाकी हिस्सों में ऐसा ही सिस्टम बनेगा।" उन्होंने यह भी कहा कि मैंने तो बचपन रेलवे ट्रैक पर बिताया है। आज रेलवे का ये नया रूप मुझे सबसे ज्यादा आनंदित करता है। ये अनुभव प्रफुल्लित करने वाला है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि -'नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, अद्भुत स्पीड भी है। ये ट्रेन नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है। दिल्ली-मेरठ फ्ष्ण्ठ कॉरिडोर 82 किलोमीटर लंबा है। इस प्रोजेक्ट पर करीब 30 हजार करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं '। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि-' इस दशक के अंत तक आपको भारत की ट्रेनों और रेलवे की सूरत बदलती नजरआएगी।' देश को तीव्र गामी अति आधुनिक रेल मिलना निश्चित रूप से गर्व की बात है। मेट्रो की सुविधाओं की ही तरह मेरठ-दिल्ली रुट पर चलने वाले दैनिक यात्री खास तौर से इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। परन्तु जब प्रधानमंत्री इस दशक के अंत तक भारत की ट्रेनों और रेलवे की सूरत बदलने की बात करते हैं तो देश के उन करोड़ों दैनिक रेल यात्रियों पर नजर जाना स्वभाविक है जो कोविड काल से अब तक रेल दुर्व्यवस्था का शिकार हैं।

## यह कैसा प्यार

**डॉ. सुरेश कुमार**

**गुरुजी!** इन कंदराओं में धूल फांकने से पहले कभी आपको घर बसाने की नहीं सूझी? चेले ने हाथ जोड़ते हुए पूछा। बच्चा! कंदरा कोई स्वर्ग जैसी जगह तो है नहीं कि हर कोई मुँह उठाए यहाँ चला आएगा। हाँ जब बंदे को बाहरी दुनिया नरक लगे तो तब कंदरा स्वर्ग सा प्रतीत होता है। जहाँ तक घर बसाने की बात है, तो एक बार इच्छा हुई थी। लेकिन हिंदी फिल्मी गानों ने हमारा घर बसने से पहले ही उजाड़ दिया। हिंदी फिल्मी गानों ने...? वह कैसे गुरुजी? चेले ने चेहरे पर मासूमियत लाते हुए पूछा।। हाँ बच्चा! हिंदी फिल्मी गानों ने! बात तब की है जब हम जवान हुआ करते थे। हमारी अँखिया नैन-मटक्का करने में कुत्ते की दुम की तरह थी। परिणामस्वरूप हम एक गोरी चिट्टी, सुंदर सुशील कन्या के प्रेम में फंस गए। कन्या के पिता बीमा में काम करते थे। बीमा वाले बड़े खतरनाक होते हैं, एक बार के लिए यमराज से बच सकते हैं, लेकिन बीमा वालों से कतई नहीं। वे बात के आगे और बात के पीछे सुरक्षा-गारंटी की बात करते थे। हमने अपने प्यार के लिए उनके पास एक बीमा करवा लिया। सोचा ऐसा करने से वे खुश होकर अपनी कन्या का हाथ मुझे दे देंगे। लेकिन जब भाग्य कुछ और चाहता है तब हमारी सारी उम्मीदें उसके सामने पानी भरती हैं। उन्होंने मुझे अपनी बिटिया के लिए रोटी, कपड़ा और मकान का आश्वासन देने के लिए कहा। मेरी नौकरी ऐसी थी कि जिसमें में रोटी और कपड़े की व्यवस्था हो सकती थी। घर मेरे लिए हर की पौढ़ी थी। कन्या ने छोटा सा घर होगा बादलों की छाँव में / आशा दीवानी मन में बंसुरी बजाये गीत गाकर हमें प्रेरित किया। मैंने भी एक घर बनाऊँगा, तेरे घर के सामने / दुनिया बसाऊँगा, तेरे घर के सामने गाकर अपना हौसला दिखाया। कन्या ने खुशी के मारे सामने गली में मेरा घर है / पता मेरा भूल न जाना / हो पता मेरा भूल न जाना गाना गाकर गली वाले घर पर ठप्पा लगा दिया। बीच में ऐन मौके पर कन्या के पिता कूद पड़ते और मन्ना डे की तरह गाने लगे झ रहने को घर दो / छत पे हो फर्श या फर्श पे छत हो / खिड़की विड़की बिजली विजली / घंटी वंटी कुछ नहीं चाहिए प्यारे / बस एक छोटा सा दरवाजा हो / रहने को घर दो। यह गाना सुन हमारी हालत काटो तो खून नहीं वाली हो जाती।

## न्यूज फ्लैश

### मलाबार ग्रुप ने बेसहारा महिलाओं के लिए शुरू किया ग्रैंडमा होम

**रोहतक।** मलाबार ग्रुप ने बेसहारा महिलाओं के लिए कर्नाटक के बेंगलुरू में 'ग्रैंडमा होम' की शुरूआत की है. भारत के अन्य हिस्सों में जल्दी ही बेसहारों के लिए इसी तरह के होम शुरू करने का है. ग्रैंडमा होम मलाबार ग्रुप की सीएसआर शाखा मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट से सपोर्टेड है और थानाल जैसे गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित है. ग्रैंडमा होम में रहने वालों को मुफ्त आश्रय, भोजन, चिकित्सा सहायता और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के देखभाल की सुविधाएं मिलती हैं. मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने इस मौके पर कहा, मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट उन व्यक्तियों और समुदायों का समर्थन करने के लिए लगातार काम कर रहा है, जो हाशिए पर हैं ग्रैंडमा होम का निर्माण हमारे समाज के वंचित वर्ग के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के विजन का हिस्सा है. हम ग्रैंडमा होम को बनाने में हर संभव सहायता देने के लिए बेंगलुरू के अधिकारियों के आभारी हैं. हमें विश्वास है कि यह घर सभी जरूरतमंद महिलाओं को आराम और खुशी प्रदान करेगा." यह होम 3 मंजिला इमारत में 14,780 वर्ग फुट क्षेत्र में बना हुआ है.
इसमें 104 महिलाओं को आरामदायक, सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हुए रखने की क्षमता है. यह घर बुजुर्ग महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, जो उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए कई प्रकार की सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करता है.

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# अंत्योदय के भाव से किया हर जन का कल्याण : जगमोहन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्यमंत्री के** मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि 26 अक्तूबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार 9 वर्ष पूरे कर रही है। इस 9 वर्ष के कार्यकाल में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंत्योदय के भाव से हर जन का कल्याण किया है। इन नौ सालों में हरियाणा के हर जिले में जहां समान विकास हुआ वहीं पर पारदर्शी व भयमुक्त शासन और योग्यता के आधार पर नौकरियां देकर मुख्यमंत्री जी ने मिसाल कायम की है। हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने से पहले हरियाणा हर क्षेत्र में पिछडा हुआ था। हर तरफ भ्रष्टाचार और भेदभाव का बोलबाला था। चहेतों को नौकरियां और सरकारी सुविधाएं दी जा रही थी। जनता की तरफ किसी का ध्यान नहीं था लेकिन भाजपा के 9 सालों के शासन के बाद स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। जनता को जहां घर बैठे सभी सुविधाएं मिल रही हैं वहीं पर किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण सौगात दी हैं।



**भावांतर योजना रही किसानों के लिए वरदानः** जगमोहन आनंद ने कहा कि मूल्य के उतार-चढ़ाव के कारण किसान की फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भावांतर भरपाई योजना बनाई। इस योजना के अंतर्गत अभी तक 2.30 लाख किसानों को 280 करोड़ रुपये सीधे खाते में भेजे जा चुके हैं। प्राकृतिक खेती के लिए राज्य सरकार ने 24.10 करोड़ रुपये लागत की प्राकृतिक खेती योजना लागू की है। इसके अतिरिक्त किसानों की जरुरत के मुताबिक योजनाओं को बनाने के लिए मेरी फसल मेरा पोर्टल शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनाए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी अनेकों योजना बनाई गई हैं। वहीं सरकार ने किसानों के हित में फैसला लेते हुए सितंबर माह में खरीफ फसलों की खरीद शुरू की। सरकार ने पुलिस कर्मचारियों के हित में फैसला लेते हुए विभिन्न भत्तों में अढाई गुणा बढ़ोतरी की।

**बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर सरकार कृतसंकल्पः** मीडिया कॉर्डिनेटर ने कहा कि मेडिकल सुविधाओं के सुद्दढिकरण के लिए हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की है। अभी तक या तो मेडिकल कॉलेज खोले जा चुके हैंए या फिर खोले जाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इससे प्रदेश में एमबीबीएस की सीटें करीब 3 हजार हो जाएंगी। इसके अतिरिक्त चिरायु योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक के ईलाज का खर्च की मुफ्त सुविधा दी जा रही है। सरकार ने लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने और प्रदेश को चिकित्सकों की कमी से दूर करने के लिए अपने 9 सालों के कार्यकाल में मेडिकल विश्वविद्यालयों की संख्या 2 मेडिकल कॉलेजों की संख्या 15, एमबीबीएस सीटों की संख्या 2185 और कुल पीजी की सीटों के संख्या 1002 तक बढ़ाने का काम किया।

**परिवार पहचान पत्र से घर बैठे मिल रही सभी सरकारी सुविधाएंः** जगमोहन आनंद ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अनेकों योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल रहा है। आज बुढ़ापा पेंशन घर बैठे बन रही हैं। इसके अतिरिक्त अनेकों योजनाओं के लिए आमजन को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब सीधे एक क्लिक से योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई हैं और अंत्योदय के भाव से उन्हें पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं।

**अंतिम छोर तक पहुंच रही विकास योजनाएंः** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतत्व में भाजपा सरकार ने बीते नौ सालों में सडकों, पीने का पानी, सीवरेज, ग्रामीण क्षेत्र का चहुंमुखी विकास, गरीबों की जरूरतों को पूरा करने के साथणसाथ हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियां लागू की और इन नीतियों का 100 फीसदी लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है।

## सीजेएम जसबीर कौर ने किया एमडीडी बाल भवन का किया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर कौर ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार एमडीडी बाल भवन फूसगढ़ रोड करनाल में रहने वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आवास की देखभाल के लिए दौरा किया। इस दौरान एमडीडी बाल भवन के संस्थापक पीआर नाथ और सुषमा नाथ एवं संरक्षक सुरेंद्र मान मौजूद रहे।
समाज के निराश्रित बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है या वे बच्चे जिनके माता-पिता उनका भरण पोषण करने में सक्षम नहीं हैं, एमडीडी ऑफ इंडिया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन पूरी लगन के साथ उनकी देखभाल कर रहा है। एमडीडी चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में वर्तमान में 53 लड़कियां रह रही हैं। सभी लड़कियां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पड़ रही हैं। एमडीडी चाइल्ड केयर संस्था की ओर से उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। एमण्डीण्डी बाल भवन अनाथालय एक प्यारा शांतिपूर्ण घर से दूर घर है, जिसका एक मात्र उद्देश्य उन वंचित अनाथों के जीवन से प्यार करना और उनकी देखभाल करना है।

## केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 2 नवम्बर को आएंगे करनाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**केंद्रीय गृह मंत्री अमित** शाह 2 नवम्बर को करनाल के नमस्ते चौंक स्थित दशहरा ग्राउंड में एक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में प्रदेशभर से आयुष्मान भारत, विभिन्न प्रकार की समाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य योजनाओं से जुडे लाभार्थी भाग लेगें। इस संबध में बीते दिनों मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी विस्तार से जानकारी दे चुके हैं। कार्यक्रम को भव्य रूप देने एवं सफल आयोजन के लिए बुधवार को लोकसभा सासंद संजय भाटिया ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ



डीसी अनीश यादव व एसपी शशांक सावन सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।
इस दौरान सांसद ने समारोह स्थल के लिए मुख्य मंच व लोगों के बैठने के लिए जगह का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समारोह स्थल पर शौचालय व पेय जल की विशेष रूप से व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात सुचारू रूप से रहे और जाम इत्यादि की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस विभाग सहित संबंधित अधिकारी रूट प्लान तैयार करें।
उन्होंने सुरक्षा प्रबंधो तथा कार्यक्रम स्थल व शहर में साफ-सफाई को लेकर भी अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा भी मौजूद रहे।

## 'नशे रूपी रावण को मारने के लिए मुख्यमंत्री का हुक्का बार बंद करने का निर्णय काबिलेतारीफ'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नशे के** खिलाफ लगातार अभियान चलाने वाले नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने कहा है कि नशे रूपी रावण को मारने के लिए जिस तरह से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने हुक्का बार बंद करने का ऐलान कर हुक्का बार के खिलाफ कार्यवाही करने का मन बनाया है, यह बहुत स्वागत योग्य काबिलेतारीफ निर्णय है। ये कदम उठाकर सरकार ने एक तरह से 1976 से नशे के खिलाफ जारी हमारी जंग को सही मानते हुए नशे से उजड़ती जिंदगियों को बचाने का काम किया है।
उन्होंने कहा कि आज हर तरह का नशा शराब, कोकीन, गांजा, स्मेक हमारे स्कूल, कॉलेज व संस्थानों में अपना फन फैला रहा है। हमें कई बार बहुत दुख होता है, जब स्कूल लेवल पर बच्चों को नशे का शिकार होते देखते हैंए युवाओं के नशे में गिरफ्त होने से घर उजड़ रहे हैं। हमारी बहन बेटियों के सुहाग और माताओं की कोख उजड़ रही है। आजकल परिवारों में एक-एक दो बच्चे हैं और उन्हीं की सफलताओं के सपने मां बाप बुनते हैं कि उनका लाल एक दिन बहुत बड़ा आदमी बनकर समाज में उनका नाम ऊंचा करेगा। उन बेचारो को क्या पता कि समाज के दुश्मन उनके बच्चों से नशे का धंधा कराकर उन्हें फंसाकर उनके सपनों को स्वाहा कर देंगे। उन्होंने कहा कि अक्सर त्योहारों के दिनों में भी हुक्के बार के प्रचलन का विकराल रूप देखा गया है। इसके कारण कई घटनाएं भी होती देखी गई हैं।

## राजकीय स्कूल और सर्व विद्या स्कूल इंद्री में हुआ सेमिनार का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस द्वारा आज साईबर जागरुकता माह के तहत राजकीय स्कूल और सर्व विद्या स्कूल इंद्री पर पहुंचकर बच्चों और स्कूल स्टाफ को साइबर अपराध की जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान करीब 700 छात्र, छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ के कर्मचारी मौजूद रहे।
साइबर थाना टीम से मुख्य सिपाही प्रवीण कुमार और सिपाही लवकेश ने बताया कि साईबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं।

## 'भाजपा सरकार से दुखी लोगों ने बनाया हरियाणा में बदलाव का मन'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह ने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल पड़ी है और इस लहर में मौजूदा सरकार का आगामी वर्ष में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से सफाया हो जाएगा।
सुमिता सिंह सूरज नगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। सूरज नगर में पहुंचने पर सूरज नगरवासियों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन गलत नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग दुखी है और कांग्रेस शासनकाल को याद कर रहा है। लेकिन भाजपा सरकार ने प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। हरियाणा से एक ही आवाज आ रही है कि बीजेपी सरकार जा रही और कांग्रेस सरकार आ रही है।
पूर्व विधायक ने कहा कि बीजेपी सरकार ने हर वर्ग को अपमानित और प्रताड़ित करने का काम किया है। इसलिए अब लोगों ने हरियाणा में बदलाव का मन बना लिया है। बीजेपी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले विकास, प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, किसानों, खिलाडि?ों के मान-सम्मान, किसानों की फसलों के भाव, पेंशन देने में जो हरियाणा नंबर 1 पर था और खुशहाली की तरफ बढ़ रहा था, आज वह बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, भ्रष्टाचार, नशाखोरी में नंबर 1 बन गया और विकास में पिछडकर 19वें पायदान पर पहुँच गया है।
सुमिता सिंह ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार अपने न्यूनतम सत्र पर चल रहा है। केंद्र सरकार के लचर वित्तीय प्रबंधन में गलत आर्थिक नीतियों के कारण एक डॉलर 83 के बराबर हो चुका है। देश के इतिहास में यह गिरावट आज तक की सबसे बड़ी गिरावट है। लगातार गिर रहे रुपए को संभालने के लिए केंद्र सरकार के पास न तो कोई नीति और न ही किसी तरह की नियत है।

## '27 को गन्ना आयुक्त के कार्यालय पर होगा ऐतिहासिक प्रदर्शन'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गन्ने के** दाम बढ़वाने को लेकर पंचकुला स्थित गन्ना आयुक्त के कार्यालय पर आने वाली 27 अक्तूबर को किए जाने वाले प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने कमर कस ली है। इसको लेकर बुधवार को भाकियू कार्यकताओं की टीम ने कई गांवों का दौरा करके पंचकुला प्रदर्शन में शामिल होने का न्यौता दिया है। भाकियू प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान ने कार्यकताओं के के साथ मंगलौरा, अंधेड़ा, दिलावरा, ढाकवाला गुजरान, ढाकवाला रोड़ान व



शेखुपुरा सुहाना सहित कई गांवों का दौरा किया। पंचकुला प्रदर्शन को लेकर खाट पंचायतों का गांव.गांव में जाकर आयोजन किया जा रहा है। किसान नेता सागवान ने कहा कि पंचकुला में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 27 अक्तूबर को गन्ने के दामों की बढ़ौतरी की मांग को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन की अगवाई प्रदेश अध्यक्ष रतन मान करेंगे। इसके उपरांत हरियाणा के गन्ना आयुक्त को उनके कार्यालय में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार गन्ने के दाम बढ़ाने को लेकर चुप्पी साधे हुए है। जबकि प्रदेश भर की सभी शुगर मिलें करीब एक सप्ताह के अंदर गन्ना पिराई का कार्य शुरू कर देंगी। लेकिन सरकार द्वारा गन्ना पिराई सीजन 2023-24 के लिए अभी तक गन्ने के भाव में बढ़ौतरी की घोषणा नहीं की है। जिसको लेकर गन्ना उत्पादक किसानों में सरकार के प्रति रोष पनप रहा है।

## 'जन संवाद के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायत पर की जा रही कार्यवाही'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थानेसर के** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का तुरंत निवारण वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार द्वारा ग्राम व वार्ड स्तर पर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रमों की अत्यधिक लोकप्रियता के बाद इन कार्यक्रमों में विस्तार करते हुए मंत्री, सांसद व विधायक जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन के बीच पहुंच रहे हैं। इससे पहले प्रदेश में सीएम विंडो भी आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए कारगर साबित हो रही है। विधायक बुधवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार गांव कुलवेहड़ी, मैनमती, खराजपुर, कुंडा कला, माखुमाजरा में जन संवाद कार्यक्रम के तहत आमजन से



रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर विधायक सुभाष सुधा ने 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके कुलवेहड़ी निवासी पेंशन के पात्रों सुषमा व ऋषिपाल, खराजपुर निवासी लाभ कौर, नन्हा राम व माया राम तथा मैनमती के रामकुमार की पेंशन बनवाकर प्रमाण पत्र सौंपे।
सुभाष सुधा ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त हो रही एक-एक शिकायत पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी और उनका समाधान भी किया जाएगा। इसके लिए जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को रिकॉर्डबद्ध किया जा रहा है तथा इसकी समीक्षा मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं कर रहे हैं। विधायक ने पारदर्शी तरीके से नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं से भी बातचीत की। उन्होंने आयुष्मान भारत व चिरायु हरियाणा योजना का लाभ लेकर मुफ्त ईलाज करवाने वाले लाभार्थियों से भी योजना की सफलता के बारे में जानकारी ली। विधायक ने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि आज केन्द्र व राज्य में जनहित की सरकार है। केन्द्र सरकार ने आयुष्मान भारत के माध्यम से 5 लाख रुपये तक के मुफ्त ईलाज की व्यवस्था की है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रत्येक वर्ष 6 हजार रुपये सीधे खाते में दिए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार भी केन्द्र की योजनाओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ जनहित की योजनओं में विस्तार करने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर लागू आयुष्मान भारत योजना में 1 लाख 80 हजार रुपये तक की वार्षिक आय वाले लोगों को जोड़ते हुए चिरायु हरियाणा योजना को लागू किया है। यही नहीं 3 लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों के मुफ्त ईलाज के लिए भी चिरायु आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई है।
विधायक हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा विधानसभा के गांव कुलवेहड़ी में थानेसर विधायक सुभाष सुधा का स्वागत किया और आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में बेहतरीन कार्य किए हैं।

# चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया



**पानीपत, कमाल हुसैन**
**पुलिस विभाग** की और अमर शहीदों के सम्मान में 21 से 31 अक्टूबर तक पुलिस शहीदी व पुलिस झंडा दिवस मनाया जा रहा है। इस श्रृखला में जिला पुलिस शहीदों के सम्मान में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजली दी जा रही है। इसी कड़ी में 25 अक्तूबर बुधवार को उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब ने पुलिस टीम के साथ आर्य बाल भारती स्कूल के सामने फ्लाई ओवर पुल के नीचे टैक्सी स्टैंड पर कार्यक्रम का आयोजन कर आमजन व वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। दुर्घटना होने पर घायल को कैसे तुरंत प्राथमिक चिकित्सा देकर जान बचाई जा सकती है, इसके बारे भी विस्तार से जानकारी दी गई। उप पुलिस अधीक्षक धर्मबीर खर्ब ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर ड्राइविंग करते समय जरा सी चूक जीवन को संकट में डाल सकती है। दुर्घटना से देर भली, इसलिए खुद भी यातायात नियमों की पालना करे और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। हम सभी यातायात नियमों को अपने व्यवहार में अपने जीवन का हिस्सा बना अपने व दूसरे के जीवन को सुरक्षित रख सकते है। यातायात के सुगम एवं सुरक्षित संचालन में आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है। यातायात की अधिकतर दुर्घटनाए नियमों की अनदेखी के कारण घटीत होती है। इसलिए वाहन चलाते समय यातायात के सभी नियमों की पालना करें। तेज गति से वाहन न चलाए, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें, नशा करके वाहन न चलाए, नींद आने पर वाहन न चलाए, वाहन चलाते समय हमेशा सीट बैल्ट का प्रयोग करें, वही दो पहियां वाहन चलाते हमेशा हेल्मेट का प्रयोग करें इत्यादी वाहन चलाते समय यातायात के सभी नियमों की पालना करें। इस दौरान टैक्सी युनियन के प्रधान सचिन जागलान व काफी संख्या में वाहन चालक व राहगिर मौजूद रहें।

**रोड सेफ्टी**

**8 दुर्घटना से देर भली, इसलिए खुद भी यातायात नियमों की पालना करे और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए: धर्मबीर खर्ब**

# सरस्वती के साथ बहने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए तैयार की गई योजना: धुमन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**हरियाणा सरस्वती धरोहर** विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती नदी के साथ शहर में बहने वाले गंदे पानी की निकासी के प्रबंध के लिए बोर्ड की तरफ से एक परियोजना तैयार की गई है। इस परियोजना के तहत खेडी मारकंडा और आस-पास के क्षेत्र और शहर के गंदे पानी की निकासी को खेड़ी मारकंडा में बने और बनने वाले एसटीपी तथा नरकतारी एसटीपी तक पहुंचाया जाएगा। इस परियोजना पर हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से करीब 50 लाख का बजट खर्च किया जाएगा।
बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच बुधवार को खेडी मारकंडा में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, अधीक्षण अभियंता अरविंद कौशिक व गणमान्य लोगों ने विधिवत रूप से लाखों रुपए की लागत से बनने वाले सरस्वती घाट के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र की धरा से बहने वाली प्रदेश की सबसे प्राचीन नदी सरस्वती के किनारे शहर के क्षेत्रों में घाटों का निर्माण कार्य करने के साथ-साथ अन्य विकास कार्य किए जा रहे है। इन विकास कार्यों से जहां पवित्र सरस्वती नदी के किनारे सौन्द्रर्यकरण को बढ़ावा मिलेगा वहीं लोगों को सरस्वती नदी के पवित्र जल का आचम करने का भी अवसर मिलेगा।
उपाध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती नदी के किनारे शहरी क्षेत्र में 8 घाटों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना पर बोर्ड की तरफ से लाखों रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इस नदी के जल की पवित्रता और शुद्धता को बनाएं रखने के लिए शहरी क्षेत्र के गंदे पानी के निकासी को इस नदी में बहने से रोका जाएगा। इसके लिए सरस्वती के साथ-साथ बहने वाले गंदे नाले के जीर्णोद्धार के लिए एक योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत गंदे नाले को मजबूत किया जाएगा ताकि इस नाले से गंदा पानी बाहर ना आ सके। इतना ही नहीं इस गंदे पानी को खेडी मारकंडा में बने और बनने वाले एसटीपी तक ले जाया जाएगा। इसके अलावा शहर के गंदे पानी को नरकतारी के एसटीपी तक ले जाया जाएगा। इस परियोजना पर लगभग 50 लाख का बजट खर्च किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### 16 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस महानिरीक्षक** करनाल मंडल सतेंद्र कुमार गुप्ता ने मतलौडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डेरों पर लूटपाट, सामूहिक दुराचार व महिला की हत्या मामले में सरगना समेत पांच आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में शामिल सीआईए-3 प्रभारी सहित कुल 16 पुलिसकर्मियों को बुधवार दिनांक 25.10.2023 को अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक पानीपत, अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की 10 टीमों ने गहनता से जांच करते हुए वारदात स्थल के 25 किलो मीटर के दायरे में करीब 400 सीसीटीवी कैमरो की 600 घंटे की फुटेज खंगालते हुए आरोपियों को काबू करने में कामयाबी हासिल की थी। सीआईए-3 प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित व उनकी टीम में शामिल 15 पुलिसकर्मियों ने आरोपियों को काबू किया था। पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल सतेंद्र कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि टीम में शामिल सभी पुलिसकर्मियों ने बड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है, जिसके परिणाम स्वरूप शातिर आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली। उन्होंने टीम में शामिल प्रत्येक पुलिसकर्मी के कार्य की सराहना करते हुए प्रथम श्रेणी प्रशंसा प्रमाण पत्र व नगद इनाम देकर सम्मानित करने के साथ ही टीम का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी टीम से इसी प्रकार से कार्य करने की उम्मीद रखते है। सीआईए-3 प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित, एसआई सतपाल, एएसआई सुभाष, एएसआई बलिंद्र सिहं, एचसी ललित, प्रदीप, सुरेंद्र व ईएचसी ऋषिराम, अमित, जितेंद्र, सोमबीर व सिपाही अशोक, भारत, संदीप, निशान व सहदेव मतलौडा क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव के दो डेरों पर 20 सितम्बर की देर रात को बदमाशों ने एक डेरे पर तीन महिलाओं के साथ सामूहिक दुराचार और लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया था। बदमाशों ने इससे पहले एक अन्य डेरे पर लूट की नीयत से महिला और उसके पति के साथ मारपीट की थी। बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। इस मामले में एक महिला की मारपीट के बाद अगले दिन मौत हो गई थी।
सीआईए-3 पुलिस ने उक्त ब्लाइंड वारदात का पदार्फास करते हुए उतर प्रदेश निवासी आरोपी राजू, जयभगवान, सोनू, नवीन व नरेंद्र को काबू कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाईक, मोबाइल फोन, तलवार-नुमा हथियार व लूटी गई कानों की बाली व 500 रूपए बरामद कर आरोपियों को जेल भेजा गया है। आरोपियों का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया, उनके खिलाफ पानीपत व सोनीपत में चोरी की वारदातों के दर्जनो मुकदमें दर्ज होने पाए गए है। आरोपी राजू व सोनू सगें भाई है। आरोपी जयभगवान, नवीन व सोनू को पानीपत से व आरोपी राजू व नरेंद्र को उतर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

### भारतीय किसान यूनियन की राज्य स्तरीय बैठक आज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भारतीय किसान** यूनियन द्वारा आज करूक्षेत्र की जाट धर्मशाला में किसानों की एक बैठक होगी। इस बैठक में गुरनाम सिंह चढुनी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती विस्तार व आगामी रणनीति तैयार करना है। इस बैठक को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। किसान नेताओं ने बताया कि राज्य स्तरीय बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।
उन्होंने बताया कि किसान नेता सदा ही लोगों की आवाज को प्रमुखता के साथ उठाते रहे हैं। किसानों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए किसानों ने सफलतापूर्वक आंदोलन भी किए। किसान नेताओं का कहना था कि आजादी के बाद से ही किसान अपनी मांगों को जिस प्रकार उठा रहे है उससे सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे है। उन्होंने कहा कि तीन कृषि कानून रद्द करने की मांग को लेकर हरियाणा में किसानों द्वारा जो प्रदर्शन किया गया वह पूरी तरह से सफल रहा।
उन्होनें कहा कि सरकार किसानों के विरूद्ध ही कार्रवाई करती है। जबकि किसान देश का अन्नदाता होता है। ऐसे में सरकार को उनके हितो की ओर ध्यान देते हुए उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

# पुलिस स्मृति दिवस एवं फ्लैग-डे के तहत शहीदों की याद में लगाया गया ब्लड डोनेशन कैंप

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला पुलिस कुरुक्षेत्र** द्वारा 21 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक जिला में पुलिस स्मृति दिवस एवं पुलिस फ्लैग डे मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजली दी जा रही है । दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को पुलिस लाईन स्थित शहीद समारक पर देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले सभी शहीद जवानों को याद कर श्रदांजलि दी गई थी। दिनांक 25 अक्तूबर 2023 को जिला पुलिस लाईन में शहीदों की याद में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस कुरुक्षेत्र द्वारा शहीद जवानों को याद में पुलिस स्मृति दिवस एवं पुलिस फ्लैग डे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में उप पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री प्रदीप कुमार की देख-रेख में दिनांक 25 अक्तूबर 2023 को जिला पुलिस लाईन में शहीदों की याद में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में जिला पुलिस कुरुक्षेत्र के पुलिस जवानों ने बढ-चढ कर भाग लिया व शहीदों की याद में रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र की डॉ.रमा की देखरेख में हस्पताल की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर में पुलिस कर्मचारियों के साथझसाथ आमजन भी शहीदों की याद में रक्तदान किया । इस शिविर में कुल 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।
इस अवसर पर कल्याण शाखा प्रभारी निरीक्षक मेवा देवी, उप निरीक्षक कर्णपाल, डॉ अशोक कुमार वर्मा, उप निरीक्षक जोगिन्द्र सिंह,बलविन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक जसवंत सिंह, रविकान्त फार्मासिस्ट विशेष रुप से मौजूद रहे।

# कपड़ा मार्केट में पटाखों की दुकान पर सीएम फ्लाईग का छापा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** शहर की कपड़ा मार्केट के शुकुलकुंड रोड स्थित पटाखा विक्रेता बोधराज रामनाथ दुकान पर सीएम फ्लाइंग का छापा पड़ा। सीएम फ्लाइंग की टीम ने दुकान में जांच के दौरान पाया कि वहां पर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखों की खेप मौजूद है। जिसे टीम ने जब्त करते हुए दुकान संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संचालक राकेश कुमार को हिरासत में ले लिया गया है।
इस दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम से एसआइ राजबीर सिंह, एसआई हितेंद्र सिंह, एएसआई परविंद्र व हेड कांस्टेबल बलबीर मौजूद रहे। वहीं पुलिस चौंकी नबंर दो से जांच अधिकारी ईएसआई रघुबीर धीमान भी मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग ने दुकान के संचालक राकेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। गौरतलब है कि गत दिवस भी पुलिस की टीमों ने पटाखों के गोदमों पर रेड करते हुए फायर एनओसी को जांचा था और जिनके पास फायर विभाग की एनओसी नहीं थी उनके खिलाफ कार्रवाई की गई थी। अम्बाला शहर के अधिकत्तर पटाखा विक्रेताओं के पास पटाखे बेचने का लाइसेंस तो है लेकिन प्रत्येक वर्ष ली जाने वाली फायर एनओसी नहीं है।

# दो नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे करनाल लाभार्थियों से संवाद

## केंद्रीय गृह मंत्री शाह के करनाल दौरे की तैयारी हेतु सांसद संजय भाटिया तथा जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ताने ली प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**
**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह दो नवंबर को करनाल में लाभार्थियों से संवाद करेंगे तथा उनके अनुभव जानेंगे ।ये जानकारी सांसद संजय भाटिया ने स्थानीय पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाऊस पर पानीपत जिले के प्रमुख कार्यकर्त्ता जिनमे मंडल पालक, मंडल प्रभारी तथा मंडल अध्यक्षों की बैठक लेते हुए दी। संजय भाटिया ने कार्यकर्ता बैठक में कहा की अपने अपने क्षेत्र में सभी कार्यकर्ता लाभार्थियों से संपर्क करे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लाभार्थियों से जानेंगे की योजनाओ का लाभ लेने के बाद उनके जीवन में क्या क्या परिवर्तन आए तथा उनका जीवन कैसे सुगम हुआ। बैठक में कार्यकताओं की जिम्मेदारियां भी लगाई गई। बैठक में मुख्य रूप से नीति सेन भाटिया , गजेन्द्र सलूजा, संजय छोकर, सुलेख डिडवाडा अमरजीत सिंह कोहली,रविंद्र भाटिया, कृष्ण छौक्कर, दुष्यन्त भट्ट,विनोद छौक्कर, राजेंद्र भधाड़,प्राण रत्नाकर, महावीर सिंह , इंदू कुकरेजा,सुनील परढाना,सुनीता गोयल,निशा सिंह,अमरजीत कोहली,प्रितपाल सिंह,राधेश्याम जिंदल,सुदर्शन पराशर तथा रोशन माहला आदि मौजूद रहे।

# श्री राम दशहरा कमेटी ने की दशहरा ग्राउंड की सफाई

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**श्री राम** दशहरा कमेटी द्वारा 14वां दशहरा उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्रीराम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा ने कमेटी के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के तन मन धन के सहयोग से ही ये कार्य इतनी सुंदरता से निर्विघ्न संपन्न हो पाया। आप सभी के द्वारा किए गए प्रयासों से ही पानीपत की जनता ने इतनी विशाल संख्या में ग्राउंड में पहुंचकर उत्सव को मनाया। उन्होंने दशहरा पर्व में आए हुए संत समाज, मुख्य अतिथिगण, विभिन्न समाजसेवी, दान दाताओं,सभी सहयोगी संस्थाओं, राम लीला कमेटियों, हनुमान स्वरूप सभाओं, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन,नगर निगम का आभार जताया है।

# 'हमें भगवान के चरणों में सब कुछ समर्पित करने के लिए तैयार रहना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
खाटूश्याम की आराधना से होती है भक्तों की मनोकामनाएं पूरी, खाटूश्याम ने भगवान श्रीकृष्ण के आदेश से बिना स्वार्थ अपने शीश का दान कर दिया था उसी तरह हमें भी भगवान के चरणों में सब कुछ समर्पित करने के लिए तैयार रहना चाहिए यही प्रभु की सच्ची भक्ति है। उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने बुधवार को खाटू श्याम मंदिर सेवा मंडल हनुमान नगर द्वारा भगवत आश्रम से शुरू हुई निशान यात्रा की अगुवाई करते हुए श्रद्धालुओं को



संबोधित करते हुए व्यक्त किया। हर वर्ष की भाँति 20 वाँ वार्षिक श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव इस बार भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। रात को खाटू श्याम का जागरण किया जाएगा और 26 अक्टूबर को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कविता जैन ने खाटूश्याम की आरती में भी भाग लिया। कविता जैन ने कहा कि खाटूश्याम दीन दुखियों के दर्द दूर कर सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के आशीर्वाद से खाटू नरेश श्री श्याम के नाम से पूजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि खाटूश्याम के चरणों में सभी के कल्याण उत्थान की कामना करती हूँ और उन्होंने भगवान से सभी के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीनिवास, जय भगवान, सुशील, संदीप, ओमप्रकाश, विक्की, किशोर, हरकेश, संदीप पाँचाल आदि मौजूद रहे।

# भारत स्काउट्स एण्ड गाईड देश प्रेम की भावना को बढावा देता है: प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**
**आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय पानीपत में आज भारत स्काउट्स एण्ड गाईड के आठ छात्रों को आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य द्वारा सम्मानित किया गया। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य मनीष घनगस ने विद्यालय प्रांगण में पहुचने पर उनका हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सेठ राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि भारत सरकार द्वारा विश्व बंधुत्व एवं भारत में स्काउटिंग की व्यवस्था के लिए 1950 को भारत स्काउट एंड गाइड की व्यवस्था की गई थी जिससे भारत के विभिन्न प्रांतों तथा उनके इकाई के रूप में जनपदों में स्काउटए गाइड एक डोर में बंधकर विद्यालय स्तर तक डाल के रूप में कार्य कर रही है। स्काउट एंड गाइड बच्चों को लाभान्वित कर ए उनमें देश प्रेम ए संस्कार तथा मानवता नेतृत्व के साथ ही एक अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। स्काउट्स गाइड जिम्मेदारी और भरोसेमंद स्नेह की भावना को प्रेरित करता है। जिसमें पहल और नेतृत्व विकास के लिए व्यक्तिगत अवसर हों। इससे आत्म.नियंत्रणए आत्मनिर्भरता और आत्म दिशा को बढ़ावा मिलता है। जिला स्काउट संगठन कमिश्नर रोहित पांडेय ने कहा कि स्काउट गाइड का उद्देश्य चरित्र का गठनए ध्वनि स्वास्थ्य की आदतों का निर्माणए हस्तकला में प्रशिक्षण और उपयोगी कौशल प्राप्त करने के साथ कुशलता से सेवा की एक उचित भावना को बढ़ाना है। इस लक्ष्य का पीछा करने से लड़के और लड़कियों में अच्छी नागरिकता का विकास होता है। स्काउट गाइड का मिशन स्काउट प्रॉमिस एंड लॉ पर आधारित मूल्य प्रणाली के माध्यम से युवा लोगों की शिक्षा में योगदान करना है। जिससे एक बेहतर दुनिया का निर्माण करने में मदद मिल सके। इस अवसर पर प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य द्वारा विद्यालय के स्काउट्स अध्यापक रघुवीर दत्त को भी सम्मानित किया गया।

# मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र से रोहतक पहुंची 7 बसें: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**उपायुक्त शांतनु** शर्मा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रोहतक में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम से कुरुक्षेत्र के प्रत्येक गांव से एक-एक प्रतिनिधि कार्यक्रम में पहुंचा। प्रत्येक प्रतिनिधि कलश को लेकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गया है। यह प्रतिनिधि अपने-अपने खंड से रवाना हुए और प्रशासन की तरफ से रोहतक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जाने के लिए रोडवेज की तरफ से 7 बसों का प्रबंध किया गया था। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत देश की आजादी में अहम



भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और उनके बलिदान को याद करने के उद्देश्य से गांव व वार्ड स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कडी के तहत ही गांव स्तर से लेकर राज्य स्तर तक मिट्टी और चावल को कलश में भरकर अमृत कलश यात्राओं का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम के तहत 25 अक्टूबर को थानेसर, पिपली, लाडवा, बाबैन, शाहबाद, इस्माईलाबाद और पिहोवा ब्लॉक से एक-एक बस अपने-अपने ब्लॉक से अमृत कलश लेकर रोहतक पहुंचे। इन सभी ब्लॉकों से एक-एक बस रोहतक के लिए रवाना हुई।
उन्होंने कहा कि पिहोवा ब्लॉक की अमृत कलश यात्रा को जिला परिषद की अध्यक्षा कवलजीत कौर ने हरी झंडी देकर रवाना किया। प्रत्येक बस के साथ ग्राम सचिवों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। इस जिले से सातों ब्लॉकों से एक सफल अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इसके लिए जिला परिषद के अधिकारी, पंच, सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य,जिला परिषद सदस्य और तमाम प्रतिनिधि बधाई के पात्र है।

# शीलान्यास के दौरान विज ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) शिनान्यास** कार्यक्रम के मौके पर गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस को निशाना बनाते हुए कहा कि हमने तो पन्ना प्रमुख भी बना दिये है। लेकिन कांग्रेस अभी तक संगठन तक नहीं बना सकी है। क्योकिं यह प्रजातंत्र पार्टी नहीं है, यह तानाशाही पार्टी है विज ने कहा कि हरियाणा में क्या तमाशा हो रहा है, सैलजा हुडडा की नहीं मानती, किरण चौधरी हुडडा के कार्यक्रम में नहीं जाती, विधानसभा में एक ही बैंच पर बैठते है लेकिन आज तक उन्हे बातचीत करते हुए नहीं देखा।
उन्होने तंज कसते हुए सुरजेवाला को घुड़सवार बताया और कहा कि सुरजेवाला ने अलग ही एस आर के नाम से अलग ही पार्टी बना रखी है। हुड्डा के ब्यान के बाद अगले दिन ही उनका ब्यान आता है कि वे इसे नहीं मानते। हुडडा रोज रोज नए नए सपने दिखाता है लेकिन वह जिंदगी में दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बन सकता है। उसके लिए तो मैने जेल में कमरा तैयार करवा रखा है। हालाकी विज ने यह नहीं बताया कि वह रोहतक की सोनारिया जेल जाएगें जहां पर बाबा राम रहीम भी है या अन्य किसी जिले की जेल में जाएगें।

# आदर्श नगर: बुराई की अच्छाई की जीत के साथ हुआ भरत मिलाप








**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
आदर्श नगर रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में कलाकारों ने बेहतरीन अदाकारी पेश की। मंझे हुए कलाकारों ने राम-रावण युद्ध का ऐसा मनमोहक मंचन पेश किया। जिसे दर्शक देख अचंभित हो गए। इसके बाद दशहरा मनाया गया। राम-रावण का युद्ध अब अंतिम चरण में था। युद्ध क्षेत्र में रावण और राम अपने-अपने रथों पर एक-दूसरे के सामने थे।
भगवान राम ने अग्निबाण से रावण की नाभि का अमृत सुखा दिया। राम के तरकश से निकले तीर ने रावण का सिर धड़ से अलग कर दिया। युद्ध भूमि में राम की जय-जयकार होने लगती है। रावण का वध होते ही चारों तरफ भगवान श्री राम के जयकारे



लगने लगे। आकाश से देवता फूल बरसाते हैं और धरती रावण के आतंक से मुक्त हो जाती है।
**भरत मिलाप देख दर्शकों की आंखे भर आई:** ऐतिहासिक भरत मिलाप के मौके पर पूरा शहर जश्न में डूब गया। शाम होते ही पूरा शहर सतरंगी रोशनी से नहा उठा। जय श्रीराम के जयकारों व भक्तिमय गीतों के बीच रामदरबार की झांकी से ऐतिहासिक भरत मिलाप का आगाज हुआ। ऐसा लगा मानो आदर्श नगर में अवध नगरी उतर आई हो। पूरा शहर भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा रहा।
**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर विधायक पवन शर्मा, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, निगम पार्षद सुमन शर्मा, पार्षद नेहा अग्रवाल, पैरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## जहांगीरपुरी रामलीला में प्रभु श्रीराम का हुआ राजतिलक




**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी स्थित आई ब्लॉक रामलीला पार्क में सर्वप्रिय जन संगठन के द्वारा भव्य रूप में प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया गया। लीला में श्रीराम राज तिलक दृश्य मुख्य रहा। इस मौके पर अतिथि के रूप में सांसद दुष्यंत गौतम के अलावा सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब मौजूद रहे।
इस अवसर पर सर्वप्रिय जन संगठन के राजेंद्र सिंह बिष्ट प्रधान, मुकेश गर्ग महासचिव, टीटू राम वरिष्ठ उपप्रधान, पवन गोयल उपप्रधान, मुख्य संयोजक नरेन्द्र पाल शर्मा, विनोद सहगल उपप्रधान, प्रमोद शर्मा उपप्रधान, जितेंद्र चौरसिया उपप्रधान, समाजसेवी राम प्रवेश मिश्रा, आनंद कुमार पांडे सचिव, संजय सिंह बिष्ट कोषाध्यक्ष, दीपक मनचंदा सह कोषाध्यक्ष, नवीन वर्मा, सुमित ठाकुर, विपिन तिवारी, डॉक्टर मुकेश गर्ग, डॉक्टर शम्भू यादव मौजूद रहे। इस मौके पर संगठन के द्वारा कलाकारों व अन्य लोगों को सम्मानित भी किया गया।

## दुर्गा पूजा महोत्सव के बाद मूर्ति का हुआ विर्सजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** विधानसभा क्षेत्र में महिला शक्ति मंडल की ओर से मां दुर्गा पूजा महोत्सव और श्रीमद् दुर्गा सप्तशती कथा का आयोजन किया गया। मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने आगे बताया कि यह कार्यक्रम शालीमार बाग के डॉ. साहिब सिंह वर्मा सामुदायिक भवन में किया गया। इस अवसर पर महिला शक्ति मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी व उनकी टीम ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर ज्योति सैनी ने बताया कि पूजा-अर्चना व विशाल भंडारे के बाद मूर्ति का विसर्जन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर चेयरपर्सन ज्योति सैनी, सुनीता सैनी ,ठाकुर जितेन्द्र सिंह जादौन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अशोक विहार की रामलीला में प्रभु श्री राम का हुआ राजतिलक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रावण के पुतले** के साथ सनातन विरोधियों के पुतले का दहन किया गया। पुतला दहन के पश्चात प्रभु श्री राम का राजतिलक संपन्न हुआ। अरुण बंसल चेयरमैन आदर्श रामलीला कमेटी व सुरेंद्र पाल गुप्ता मुख्य संरक्षक आदर्श रामलीला कमेटी ने राजतिलक किया। मुख्य अतिथि के तौर पर सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश सम्मिलित हुए। इस अवसर सतीश गर्ग ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, रावण दहन। कार्यक्रम में वेद बासिया, विजय बंसल, नितिन बत्रा, प्रदीप गोयल, देवराज पूर्व पार्षद, चंदन शर्मा, राजेंद्र खंडेलवाल, सुरेश जैन, संदीप गुप्ता, प्रवीण कुमार सिंह, आशीष गुप्ता, घनश्याम गुप्ता उपस्थित रहे।

## जहांगीरपुरी: सत्य की हमेशा ही होती है जीत: अजीत यादव




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के जहांगीरपुरी के ब्लॉक स्थित रामलीला पार्क में प्रभु श्रीराम की लीला का भव्य रूप में आयोजन किया गया। इस मौके भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने कार्यक्रम में शिरकत की।
इस अवसर पर अजीत यादव ने रावण के पुतले का दहन किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुधीर पार्चा, वार्ड अध्यक्ष शेखर सोनकर, राजपाल यादव, बिल्लू यादव, अशोक अरोड़ा, वंदना, आशीष कुमार, अमित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने सभी क्षेत्रवासियों को अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की, बुराई पर अच्छाई की, पाप पर पुण्य की जीत के महापर्व विजय दशमी की अनेकों शुभकामनाएं। श्री यादव ने कहा कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी सत्य का साथ दें।

# भरत मिलाप के साथ समाप्त हुआ मॉडल टाउन रामलीला का मंचन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली की प्रसिद्ध रामलीलाओं में शुमार मॉडल टाउन-II की श्री रामलीला कमेटी द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला का भव्य रूप में मंचन किया गया। मंचन के बाद माता की चौकी का आयोजन किया गया।
**लीला में हुआ प्रभु श्रीराम का राजतिलक :** श्री रामलीला कमेटी, मॉडल टाउन की रामलीला में अनुभवी कलाकारों द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया गया। तो वहीं लीला में राम-भरत मिलाप और श्रीराम राज तिलक की लीला का मंचन किया गया। तो वहीं, माता की चौकी का आयोजन सचदेवा परिवार



के सौजन्य से किया गया।
**दशहरा उत्सव से पहले निकाली गई विशाल शोभा यात्रा:** कमेटी के सीनियर वाईस चेयरमैन निर्भय नरूला ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री रामलीला कमेटी, मॉडल टाउन के द्वारा जहां एक और भव्य रूप में दशहरा उत्सव मनाया गया और रावण का दहन किया गया। वहीं विशाल शोभा यात्रा भी निकाली गई।
**ये लोग रहे मौजूद:** प्रभु श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाउन के मुख्य संरक्षक नरेन्द्र चुघ, संस्थापक रमेश ग्रोवर, चेयरमैन अजीत चावला, सीनियर वाईस चेयरमैन और मंच संचालक निर्भय नरूला, प्रधान अजय विरमानी, महामंत्री बीआर अरोड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश साहनी, वाईस चेयरमैन विशाल साहनी, वाईस चेयरमैन मुकेश मंगला, वाईस चेयरमैन हंसराज रेल्हन, वाईस चेयरमैन अमित मेहरा, वरिष्ठ उपप्रधान कैलाश बोबल, वरिष्ठ उपप्रधान हरबंस लाल ढींगडा, संयुक्त कोषाध्यक्ष मनमोहन क्वात्रा, अनन्त कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में रामभक्त और गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# सुभाष रामलीला: राजतिलक के साथ रामलीला का समापन

## भगवान श्री राम ने रावण की नाभि पर बाण मारकर रावण का वध करके लोगों को असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया











**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

बुराई पर अच्छाई के जीत के साथ दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नरेला के रामलीला ग्राउंड में चल रही ऐतिहासिक सुभाष रामलीला के अंतिम दिन सोमवार को प्रभु श्री राम का राजतिलक किया गया। सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब की ओर से आयोजित भव्य रामलीला में राजतिलक का मंचन, फूलों की होली व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुरु वशिष्ट ने भगवान श्री राम का राजतिलक किया। भगवान श्री राम माता सीता और लक्ष्मण ने वानप्रस्थ वस्त्रों का त्याग किया और राजसी कपड़े एवं आभूषण आदि धारण किए। इस दौरान पंडाल भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

सुभाष रामलीला के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने भगवान श्री राम की आरती कर राजतिलक किया। मुख्य अतिथि आर.के इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया। सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब ने मंचन के आखिरी दिन भव्य रामलीला के आयोजन में अपना योगदान देने वाले कलाकारों, पदाधिकारियों, सदस्यों, अतिथियों और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े लोगों को पुरस्कार व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने दर्शकों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में इससे भी भव्य रामलीला मंचन की बात कही। उन्होंने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की लीला का भव्य मंचन जारी रहेगा।

इस दौरान मुख्य अतिथि, क्लब के सदस्यों, पदाधिकारियों क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने प्रभु श्री राम का राजतिलक कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सुभाष रामलीला के संरक्षक लोकेश गर्ग, मोहनपुरी, प्रधान विष्णु भारद्वाज, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, उप प्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला, लेखाकार अनिल कुमार गर्ग व शुभम रोहिल्ला, संगठन सचिव मुकेश बंसल, सुरेश गुप्ता ऑडिटर डॉ सचिन कौशिक व डॉ शुभम रोहिल्ला, विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, मैदान पर्यवेक्षक जयपाल रोहिल्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**पवन खत्री (मोनी), प्रसिद्ध समाजसेवी**



**प्रभु** श्री राम की लीला को जन-जन तक ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम रामलीला है। मुझे खुशी है कि सुभाष रामलीला पिछले 76 वर्षों से आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्री राम की लीलाओं और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है। 77वी रामलीला के सफल व भव्य आयोजन के लिए सुभाष रामलीला की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

**विष्णु भारद्वाज, प्रधान, सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब**



**सुभाष** रामलीला के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों , सहयोगियों को भव्य रामलीला के समापन पर बधाई शुभकामनाएं। आप सभी की अथक मेहनत और प्रयासों से भव्य रामलीला का आयोजन संभव हो पाया है। साथ ही लाखों की संख्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला देखने आए राम भक्तों का भी मैं तहे दिल से धन्यवाद करता हूं।

**प्रवीन लाकड़ा, प्रसिद्ध समाजसेवी**



**आज** समाज में भगवान राम जैसे आज्ञा पालक पुत्र, भाई, पति एवं आदर्श शासक के संस्कारों को जिंदा रखने के लिए रामलीला मंचन अत्यंत जरूरी है। मुझे खुशी है कि सुभाष रामलीला 77 वर्षों से आज की पीढ़ी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की लीला और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है।

**सुनीता शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर, आरके इंटरनेशनल स्कूल:**



**सुभाष** रामलीला द्वारा 77 सालों से अनवरत नरेला में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह रामलीला पूरी दिल्ली एनसीआर में प्रसिद्ध है। इसमें कलाकारों द्वारा सभी पात्रों का जीवंत मंचन किया है। लीला को देखने से एकदम से दर्शकों को त्रेता युग जैसा माहौल महसूस होता है। भव्य आयोजन के लिए सुभाष रामलीला के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, कलाकार साधुवाद व बधाई के पात्र हैं।

# केवल पार्क : धू-धू कर जला दशानन का पुतला, अयोध्या पधारे श्री राम

## अधर्म पर धर्म की जीत हुई, असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केवल पार्क रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित** रामलीला में कलाकारों ने राम-रावण युद्ध, रावण वध प्रसंग का मंचन किया। इसके बाद दशहरा मनाया गया। राम-रावण का युद्ध अब अंतिम चरण में था। युद्ध क्षेत्र में रावण और राम अपने-अपने रथों पर एक-दूसरे के सामने थे।

राम ने रावण पर अनेक बाणों से प्रहार किया, लेकिन रावण का अंत नहीं हुआ। तब विभीषण ने भगवान राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत का वास है। भगवान राम ने अग्निबाण से रावण की नाभि का अमृत सुखा दिया। राम के तरकश से निकले तीर ने रावण का सिर धड़ से अलग कर दिया। युद्ध भूमि में राम की जय-जयकार होने लगी।

**मंचन**

**8 राम के तरकश से निकले तीर ने रावण का सिर धड़ से अलग कर दिया। युद्ध भूमि में राम की जय-जयकार होने लगती है**

रावण का वध होते ही चारों तरफ भगवान श्री राम के जयकारे लगने लगे। आकाश से देवता फूल बरसाते हैं और धरती रावण के आतंक से मुक्त हो जाती है।

**लोगों ने लिया मेले का आनंद:** बड़ी संख्या में लोगों ने मेला का आनंद लिया। दोपहर से ही मेला देखने वालों की संख्या बढ़ने लगी थी। चाट-पकौड़ी, खिलौने व घरेलू सामान की अस्थाई दुकानें लगी थीं। शाम होते-होते जबरदस्त भीड़ हो गई। बच्चे, महिला, पुरुष और बुजुर्ग सभी उत्साहित थे। बच्चों ने झूला भी झूला।

**ये लोग रहे मौजूद:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, पूर्व एपीएमसी चेयरमैन सुरेंद्र बुद्धिराजा, प्रधान विनोद तायल, बलबीर गुप्ता, राघवेंद्र शर्मा, आरडब्ल्यूए प्रधान अरविंद मूलचंद, मंच संचालक महंत अनिल शर्मा, प्रिंस गुप्ता, दीपक तायल, आशुतोष गुप्ता, ओम प्रकाश यादव, सुनील गर्ग, रवि वधवा, अमरनाथ कंसल, जयनारायण गर्ग, राजबीर शास्त्री, चंद्र शेखर शर्मा, सहित भारी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे और रामीला के मंचन का आनंद उठाया।







उत्तराखण्ड शासन

# उत्तराखण्ड में असीम संभावनाओं का अनावरण

# आपकी समृद्धि का प्रवेश द्वार



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखंड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## DESTINATION UTTARAKHAND
GLOBAL INVESTORS SUMMIT 2023

December, 2023 Dehradun (Uttarakhand)

Peace To Prosperity

### चेन्नई रोडशो
गुरुवार, 26 अक्टूबर 2023 | प्रातः 11:30 बजे से
स्थान: होटल ताज कोरोमंडल, महात्मा गांधी रोड, चेन्नई

### बंगलुरु रोडशो
शनिवार, 28 अक्टूबर, 2023 | 11:30 बजे से
स्थान: होटल ताज वेस्ट एंड, रेस कोर्स रोड, बंगलुरु , कर्नाटक

## फोकस सेक्टर

- ऑटोमोबाइल्स
- औषधि
- कृषि एवं कृषि सम्बद्ध क्षेत्र
- पर्यटन
- सूचना प्रौद्योगिकी
- इलेक्ट्रॉनिक्स
- शिक्षा
- फ़िल्म शूटिंग
- अक्षय ऊर्जा
- आयुष एवं वैलनेस
- जैव प्रौद्योगिकी
- हॉर्टिकल्चर एवं फ्लोरीकल्चर
- हर्बल एवं एरोमैटिक्स
- खाद्य प्रसंस्करण
- नेचुरल फाइबर



## उत्तराखण्ड सरकार की प्रमुख नीतियां

• सेवा क्षेत्र नीति 2023 • सौर ऊर्जा नीति, 2023 • एमएसएमई नीति 2023
• स्टार्ट-अप नीति 2023 • कस्टमाइज्ड पैकेज • लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2023
• फिल्म नीति 2015 (2019 में संशोधित) • निजी औद्योगिक पार्क नीति 2023
• वृहद् औद्योगिक नीति 2015 • निर्यात नीति 2021 • पर्यटन नीति 2023-30
• ड्रोन नीति 2023 • सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2019 • आयुष एवं वैलनेस नीति
• आबकारी नीति 2021-23 • जैव प्रौद्योगिकी नीति 2018-23
• खाद्य प्रसंस्करण नीति • पंप भंडारण परियोजना नीति 2023

## प्रदेश की समृद्धि में भागीदार बनें

- पारदर्शी कर नीतियां और परियोजनाओं के लिए त्वरित स्वीकृति
- एनसीआर या अन्य शहरों की तुलना में कम लागत पर उद्योग स्थापना
- आईआईटी सहित बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थान
- सुशासन और शांतिपूर्ण राज्य के रूप में पहचान
- शुद्ध पर्यावरण से स्वस्थ एवं बेहतर जीवन
- उपयुक्त औद्योगिक भूमि की उपलब्धता
- राज्य सरकार की आकर्षक निवेश नीति
- एनसीआर के साथ रेल, सड़क और हवाई मार्ग से बेहतर कनेक्टिविटी

अधिक जानकारी के लिए
**investuttarakhand.uk.gov.in**
पर लॉग ऑन करें
या QR कोड स्कैन करें

/ukgis2023

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR